॥ श्रीः ॥

कालिदास-साहित्य एवं सन्दर्भ

लेखक

आचार्य डॉ. वनेश्वर पाठक, एम. ए., डी. लिट.

(उत्तरप्रदेश शासन द्वारा साहित्य पुरस्कार से सम्मानित)

अध्यक्ष—संस्कृत विभाग

सेंट जेवियर्स कॉलेज, राँची (बिहार)

प्रकाशक :

ज्योति

पटना, राँची, वाराणसी

भूमिका—के दो शब्द

डॉ. भगवतशरण उपाध्याय (उज्जैन)

आचार्य डॉ. वनेश्वर पाठक ने अपनी महत्त्वपूर्ण कृति 'कालिदास—साहित्य एवं संदर्भ' की भूमिका लिखने का कार्य सौंप मुझे गौरवान्वित किया है। यह सही है कि मैंने कालिदास के साङ्गोपाङ्ग अध्ययन में एक जीवन काल लगाया है जिसके परिणाम स्वरूप मेरा magnum opus अंग्रेजी में India in Kalidasa प्रकाशित हुआ। उसी का हिन्दी रूपान्तर पीछे छपा। पर इन सब प्रयासों से अधिक आवश्यकता कालिदास सम्बन्धी एक Bibliography की थी। कालिदास देश, विदेश में इतने लोकप्रिय हैं कि उनपर पुस्तकों और लेखों के रूप में हजारों उपक्रम हुए हैं-एक जंगल ही उग आया है। पर उनको एकत्र कर प्रकाशित अबतक नहीं किया जा सका। उज्जैन में कालिदास-समारोह प्रायः बाईस वर्षों से हो रहा है। दो साल से वहाँ एक कालिदास-अकादमी कायम है, जिसका पहला काम बिब्लिओ-ग्राफी का प्रकाशन होना चाहिए था।

बिब्लिओ ग्राफी की दिशा में बहुत काम होना है। कुछ साल पूर्व नेशनल लाईब्रेरी, कलकत्ता, में डॉ. रामदुलार सिंह द्वारा बड़े परिश्रम से प्रस्तुत एक बृहद् बिब्लिओ ग्राफी देखी थी, परन्तु शायद वह प्रकाशित नहीं हुई। इसी से विशेष डॉ. पाठक के इस प्रयत्न के प्रति मेरी ममता स्वाभाविक हो गई है। आशा करूँगा कि इसका प्रकाशन शीघ्र ही होगा और विद्वानों-शोद्यार्थियों का इससे कल्याण होगा, मल्लिनाथ की 'संजीवनी' फिर चरितार्थ होगी।

प्रस्तुत ग्रन्थ अत्यन्त घनी साधना से लिखा गया है। इसके निर्माण के लिए डॉ. पाठक का मैं साधुवाद करता हूँ और मैं बड़ी उत्सुकता पूर्वक इसकी प्रकाशित प्रति की प्रतीक्षा करूँगा। कालिदास के अध्ययन की दिशा में यह ग्रन्थ मील का पत्थर सिद्ध होगा।

उज्जैन — भगवतशरण उपाध्याय

२५।३।१९८१

सम्वर्द्धना

आचार्य बदरीनाथ शुक्ल

कुलपति

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

कालिदास भारत के महान् कवि एवं नाटककार हैं। भाषा वर्णनीय वस्तु और इसे प्रस्तुत करने की शैली ने इनकी कृतियों को विश्वप्रिय बना दिया है। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से मनुष्य की एक ऐसी जीवन-चर्चा का निर्देश किया है जो जीवन के यथोचित विकास के लिए पूरी मानवजाति के लिए उपादेय है। कालिदास की रचनाओं की विशेषताओं से आकृष्ट होकर देश-विदेश के विद्वानों ने अपनी-अपनी भाषाओं में उन्हें अनूदित किया है और उनकी आलोचना कर उनकी गरिमा को प्रकाश में लाया है। उनके ग्रन्थों के सम्बन्ध में देश-विदेश में वहुत लिखा जा चुका है।

अब यह आवश्यक हो गया था कि कालिदास तथा उनके ग्रन्थों से सम्बन्धित सभी कृतियों का विद्वत्तापूर्ण संकलन प्रस्तुत हो जिसके आधार पर उनके व्यक्तित्व और कृतियों का व्यापक अनुशीलन हो सके और उनके वैदुष्य की विश्वव्यापिनी प्रतिष्ठा का पूरा चित्र प्रस्तुत हो सके।

मुझे प्रसन्नता है कि इस आवश्यक एवं जिज्ञासु जनों के लिए अपेक्षित उपयोगी महनीय कार्य को विद्वत्प्रवर श्रीबनेश्वरपाठक ने सम्पन्न करने का सङ्कल्प किया और 'कालिदास-साहित्य एवं सन्दर्भ' नाम की पुस्तक की रचना कर साहित्य-जगत् की चिराकाङ्क्षा की पूर्ति की है। इस पुस्तक के सम्बन्ध में मैं कुछ विशेष इस लिए नहीं कहना चाहता जिससे अध्येताओं की दृष्टि मेरी पहुँच की परिधि में ही सीमित नहीं रह जाय, वे इसकी महत्ता का आकलन अपनी रुचि एवं प्रतिभा के आधार पर स्वयं कर सकें। इस ग्रन्थ को लिखने के लिए श्रीपाठकजी को धन्यवाद देने में मुझे हार्दिक प्रसन्नता है।

वाराणसी
दि. १५।३।८१

बदरीनाथ शुक्ल

कालिदास की कृतियों का विशेष ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक ऐसे ग्रन्थ की आवश्यकता रही है, जिसमें उन सभी लेखों और ग्रन्थों का उल्लेख होता, जो कालिदास की रचनाओं के अनुशीलन पर आश्रित हैं। आचार्य डॉ० वनेश्वर पाठक ने इस आवश्यकता की पूर्ति वैज्ञानिक विधि से देश-विदेश में प्राप्तव्य सामग्री संजोकर की है। विद्वत्समाज उनके इस कृतित्व का ऋणी है।

आशा है, पाठक जी भविष्य में भी इस प्रकार अनुसन्धान की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रचनाएँ देकर संस्कृत-प्रेमियों की सहायता करते रहेंगे।

५, नन्दनगर, वाराणसी–५
२७/१०/८१

रामजी उपाध्याय

कालिदास साहित्य विश्व का प्रमुख आकर्षण है। कवि, समालोचक, इतिहास-गवेषक और रसिकों ने विभिन्न पक्षों पर मौलिक विचार प्रकाशित किए हैं। सभी उपादेय हैं। अगले अध्ययन के लिए ये विचार आवश्यक सोपान हैं, अतः नवीन अध्येताओं को इनका व्यवस्थित रूप सुलभ कराना युगीन आवश्यकता है। इसके लिए एक ओर जहाँ विद्वान् लेखकों के धैर्य और तप की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर वैसे प्रकाशकों की। ऐसे कुछ कार्य पहले भी हुए हैं, किन्तु हिन्दी भाषा में इस ढंग का यह पहला ही कार्य है जो ग्रन्थ रूप में प्रकाशित हो रहा है। कालिदास की भाषा में यह कार्य कालिदास के अध्ययन रूपी मणि में माला की योग्यता के अपेक्षित सूचीवेध है। डॉ० वनेश्वर जी पाठक हैं इसके कृती निर्माता। संस्कृतभाषा के विद्वान् और शोध की नवीन पद्धति के वेत्ता डॉ० पाठक का यह कार्य मुझे अत्यधिक लाभप्रद और विद्वानों के लिए भी उपयोगी लगा। इसके प्रकाशन से मुझे अपनी कालिदास-ग्रन्थावली के प्रकाशन जैसी ही प्रसन्नता है।

डॉ. रेवाप्रसाद द्विवेदी
साहित्याचार्य, एम. ए., पी. एच. डी, डी. लिट.
अध्यक्ष—संस्कृत-साहित्य-विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
२७/४/८१

विनम्र निवेदन

१९७८ ई० में मैंने पूना में अखिल भारतीय प्राच्य विद्या-सम्मेलन (All India Oriental Conference) के अवसर पर एक निबन्ध पढ़ा था—'कालिदासस्य साहित्यम्'। इस विशालकाय (८९ पृष्ठात्मक) निबन्ध के माध्यम से मैंने (१) कालिदास की रचनाएँ (प्रामाणिक तथ्यानुसार), (२) कालिदास की रचनाओं का कालक्रम, (३) कालिदास की रचनाओं के संस्करण (भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में), (४) कालिदास के व्यक्तित्व तथा कृतित्व के सम्बन्ध में लिखित ग्रन्थ एवं निबन्ध (विदेशी तथा भारतीय भाषाओं में) इन विषयों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया था। कालिदास के मर्मज्ञ विद्वान् डॉ० श्रीधर वासुदेव सोहनी (आई. सी. एस.) ने उस निबन्ध के प्रति अपनी विशेष अभिरुचि दिखाई थी।

गत वर्ष उज्जैन में 'कालिदास-समारोह' के अवसर पर मैंने डॉ. भगवत-शरण उपाध्याय (सम्प्रति मारिशस में भारतीय राजदूत) से अपने उक्त निबन्ध की चर्चा की। उन्होंने सहर्ष अपनी सदिच्छा व्यक्त की कि हिन्दी में इसका प्रकाशन कराया जाय। भारतीय पुरातत्त्व के यशस्वी विद्वान् डा० उपाध्याय जी ने कालिदास के अध्ययन-मनन एवम् अनुसन्धान में अपने जीवन का अधिकांश समर्पित कर दिया है और वे अभी भी इस कार्य में अश्रान्त निरत हैं। उनकी सदिच्छा से समुत्साहित होकर मैं उज्जैन से लौटने के बाद इस कार्य में लग गया। मैंने सबसे पहले अपने उक्त संस्कृत निबन्ध का हिन्दी रूपान्तर किया। उसके बाद मैं और अधिक सामग्रियों का सङ्कलन करने लगा। सामग्रियाँ बहुत मिलीं। फलतः, वह निबन्ध आज पुस्तक के रूप में प्रकाश में आ रहा है। पुस्तक के प्रकाशन की अवधि में भी सामग्रियाँ मिली हैं। विलम्ब से प्राप्त सामग्रियों का समावेशन अगले संस्करण में किया जाएगा।

कालिदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का समग्र अध्ययन अतिशय श्रमसाध्य तथा समयसापेक्ष है। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के सम्बन्ध में विभिन्न भारतीय तथा भारतीयेतर भाषाओं में लिखे गए ग्रन्थों एवं निबन्धों की इयत्ता नहीं है।

कालिदास के सम्बन्ध में निरन्तर कार्य होते जा रहे हैं। मुझे उन सब का सङ्कलन करने में कठिनाइयाँ हुई हैं। परन्तु कालिदास के सारस्वत प्रसाद से इस पुस्तक को प्रकाशित देखकर मैं उन कठिनाइयों को भूल रहा हूँ—"क्लेशः फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते।"

मेरे इस लघु प्रयास को कालिदास के समान ही पूर्व सूरियों का सहारा मिला है। इस ग्रन्थ में जिन पुस्तकों एवं पत्रिकाओं की शरण लेनी पड़ी है उन सभी के लेखक विद्वानों के प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन करना मैं अपना पवित्र कर्तव्य मानता हूँ। इस प्रसङ्ग में मैं डा० भगवतशरण उपाध्याय, डा० आद्याप्रसादमिश्र, डा० रामजीउपाध्याय, डा० रमाशंकरतिवारी तथा डा० सत्यपाल·नारङ्ग का नामतः उल्लेख करना चाहता हूँ। इनकी रचनाओं से जिनका उल्लेख मैंने इस ग्रन्थ में किया है— मुझे विशेष सहायता मिली है। मैं इन महनीय मनीषियों का ऋणभार साभार स्वीकार करता हूँ।

कालिदास के सारस्वत प्रसाद के अप्रतिम पात्र डा० भगवतशरण उपाध्याय ने इस ग्रन्थ की हस्तलिखित प्रति को अपने प्रसाद से अनुगृहीत किया है और इसके लिए 'भूमिका के दो शब्द' लिखकर इसे गौरवान्वित किया है। मैं अपने अन्तःकरण की पवित्रतम भावना से डा० उपाध्याय जी के प्रति कृतज्ञ एवं नतमस्तक हूँ। काशी की पाण्डित्य परम्परा के परमोत्कृष्ट प्रतिनिधि भूतपूर्व कुलपति (सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी) आचार्य बदरीनाथ शुक्ल (सम्प्रति सेवा-निवृत्त) ने अपने आशीर्वचनों से, मूर्धन्य साहित्यकार एवम् इतिहास-लेखक डा० रामजी उपाध्याय एवं सनातन कवि डा० रेवाप्रसाद द्विवेदी ने अपनी सम्मतियों तथा शुभकामनाओं से इस ग्रन्थ को महत्त्व प्रदान किया है और मेरे उत्साह का सम्बर्द्धन किया है। एतदर्थ मैं इन विद्वद्विभूतियों का चिर आभारी हूँ।

मैं श्री हरिहरनारायण (ज्योति प्रकाशन, पटना) को धन्यवाद देना आवश्यक समझता हूँ। क्योंकि यह उन्हीं की तत्परता का फल है कि यह ग्रन्थ शीघ्र प्रकाश में आ सका है। श्रीहरिबाबू वस्तुतः मेरे धन्यवाद के पात्र है। इस शीघ्रता में मुझे जयन्ती प्रेस एण्ड प्रकाशन, भदैनी, वाराणसी के व्यवस्थापक का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। एतदर्थ मैं उनका साधुवाद करता हूँ। परन्तु इस शीघ्रता में त्रुटियाँ

भी हुई हैं—कुछ मुद्रण सम्बन्धी और कुछ अन्य । उन सब के लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ ।

पुनश्च, मैं अपनी सभी त्रुटियों के लिए कालिदास के मर्मज्ञ विद्वानों से क्षमा प्रार्थना करता हूँ और साथ ही अनुरोध करता हूँ कि वे अपने सुझावों से मुझे अवगत कराने की अवश्य कृपा करें, ताकि मैं अपनी उन तमाम त्रुटियों को अगले संस्करण में सुधार सकूँ ।

अन्त मे, कालिदास के भावों में—

"कालिदासस्य साहित्यमगाधाब्धिसमं महत् ।
विज्ञातुं नैव शक्येते तस्य गाम्भीर्यविस्तृती ॥
उडुपेनोदधिं तर्तुं मोहादेष सुदुस्तरम् ।
कृतोद्यमो जनोऽल्पज्ञः कालिदासेन मृष्यताम् ॥
आत्मनो हार्दिकीं श्रद्धामसामर्थ्यञ्च विश्रुतम् ।
निवेदन्निदं सर्वं कालिदासं नमाम्यहम् ॥"

दीपावली, वि० सं० २०३८ ।

विनीतो लेखकः

॥ श्रीः ॥

कालिदास-साहित्य एवं सन्दर्भ

(Bibliography of Kalidasa's Literature)

विषय--सूची

(प्रथम अध्याय)

(द्वितीय अध्याय)

(तृतीय अध्याय)

(चतुर्थ अध्याय)

(पञ्चम अध्याय)

—:०:—

शुद्धि–पत्र

		अशुद्ध	शुद्ध
पृष्ठ ३,	पद टि० ३	उद्धत	उद्धृत
,, ५	पं० २	प्रवस	प्रवर
,, ,,	पं० टि० १	as crities	as cribes
,, ६	पं० ५	स्त्रोदर	स्रोदर
,, ,,	पं० टि० ३	Gren	Bran
,, ,,	पं० १८	Provid	Proved
,, ,,	,, १६	doubbts	doubts
,, ८	पं० २१	भूमिष्ठ	भूयिष्ठ
,, ११	प०टि० १ अन्तिम पंक्ति	ratue	rature
,, ,,	,, ३ Gran	Bran	
,, १३	पं० ६, ७ मारतीयमाषा		
,, १४	पं० ८	Kumaa	Kumar
,, ,,	पं० १४	Fauch	Fauche
,, ,,	,, १६	Hippe bite	Hippolytc Fouche
,, १५	,, २०	द्वाआ	द्वारा
,, १६	,, १३	प्रसंग	इस प्रसंग
,, ,,	प० टि० ६	Zotices	Notices
,, ,,	,, ,,	3281	3289
पृ० १७	पं० टि० २	Verhanl	Verhande
,, ,,	,, ३	Sfrifen	Streifen
,, २०	,, १५	मल्लिकनाथ	मल्लिनाथ

				अशुद्ध	शुद्ध
पृ०	२०	प०टि०	१	ard	and
,,	२१	,,	१४	ई०	ई० में
,,	२२	,,	५	रधुवंश	रघुवंश
,,	२४	,,	१४	हुए है	हुए हैं
,,	२५	,,	११	हैं	है
,,	२७	,,	१२	Migh	Megh
,,	२८	,,	६	dcr	der
,,	३०	,,	१	रिसचं	रिसर्च
,,	३६	,,	१०	देववन्त	देवपन्त
,,	३६	,,	२१	मेघसौमिनी	मेघसौदामिनी
,,	३९	,,	१६	उत्कलील	उत्कलीय
,,	४१	,,	८	छेटीका.	छः टीका.
,,	४३	,,	१३	कलक्रम	कालक्रम
,,	४४	,,		Akademi	Acadcmi
,,	४६	,,	२४	प्रा०	प्रो०
,,	४६	,,		प्रकाशित	प्रकाशित है।
,,	४८	,,	३	लिखि	लिखी
,,	,,	,,	७	लिखि	लिखी
,,	,,	,,	११	है	हैं
,,	,,	,,	,,	M,	M.
,,	,,	,,	,,	A, B,	A. B.
,,	५६	पं०	१४	अनवाद	अनुवाद
,,	५७	,,	१४	ई०	ई० में
,,	६१	,,	१	प्राक्लन	प्राक्तन
,,	६५	प. टि.	२	Acadmy	Academy

	अशुद्ध	शुद्ध
पृ० ६७ प०टि० १	Robion	Rabino
,, ७५ ,, ६	मेघदूत्	मेघदूत
,, ७६ ,,	श्रो	श्री।
,, ८० ,, ११	शिदेशी	विदेशी
,, ८० ,, १३	द्रष्टष्टव्य	द्रष्टव्य
,, ८० ,, १४	पिद्वानों	विद्वानों
,, ८० ,, १५	स्त्रोत	स्रोत
,, ८० प. टि. ६ पं. ३	Junrnal	Journal
,, ८२ प. १	सौर०	शोर०
,, ८४ प. टि. ६	Shriharsho	Shri Haroha
,, ८५ पं. २	गोर्डेस्टि	गोर्डस्ट
,, ८५ ,, ५	दास	दासि
,, ६२ ,, ३	राइटिङ्गस	राइटिङ्ग्स
पृ० ८८ प. टि. ८	XVII	XXII
,, १०० प. ६	कृष्णा	कृष्ण
,, १०२ ,, ७	जन्मभूः	जन्मभूः
,, १०७ ,, २	२०३६ ई०	२०३६
,, ,, ,, ४	राधा	राद्या
,, ,, ,, ४	हरीश्च	हरींश्च
,, ,, ,, ४	१७८	१०८
,, ,, ,, ४	अली	अमी
,, १०८ प. टि. ७	शुश्रूषत्व	शुश्रूषस्व
,, ,, ११	महृयदेया	सहृदया

कालिदास-साहित्य एवं सन्दर्भ

प्रथम अध्याय

(क) कालिदास की कृतियाँ (प्रामाणिक तथ्यानुसार)

महाकवि कालिदास के जीवनवृत्त के समान उनकी कृतियों के सम्बन्ध में भी विद्वान् आलोचकों के मन में अभी तक सन्देह बना हुआ है। यद्यपि शोध-पूर्ण निबन्धों तथा ऐतिहासिक अन्वेषणों के द्वारा निश्चय तक पहुँचने का प्रयास किया जा रहा है तथापि सन्देह तथा मतभेद का सर्वथा निराकरण नहीं हो सका है। इस सन्दिग्धबुद्धि तथा मतभेद के दो मुख्य कारण हैं— (१) संस्कृतसाहित्य के इतिहास में कालिदास यह नाम तथा उपनामधारी नौ कवियों की स्थिति, और (२) कालिदास की कृति के रूप में अनेक रचनाओं की प्रसिद्धि। कालिदास इस नाम तथा उपनाम से प्रसिद्ध नौ कवि निम्नलिखित हैं :—

(१) उज्जयिनी के राजा हर्ष विक्रमादित्य (ख़ीस्तपूर्व षष्ठ शतक) के सभाकवि तथा मालविकाग्निमित्र-विक्रमोर्वशीय-अभिज्ञानशकुन्तल इस नाटकत्रय तथा सेतुबन्ध महाकाव्य के रचयिता मातृगुप्त उपनामधारी कालिदास।

(२) मालव संवत् के प्रवर्तक मालवनरेश विक्रमादित्य (ख़ीस्तपूर्व प्रथम शतक) के सभाकवि तथा कुमारसम्भव-रघुवंश-मेघदूत इस काव्यत्रय के रचयिता मेधारुद्र उपनामधारी दीपशिखाकवि कालिदास।

(३) कामकोटिपांतम के मूकशङ्कर (४७० ई०) के शिष्य तथा ऋतुसंहार-शृङ्गारतिलक-श्यामलादण्डक-नवरत्नमाला इत्यादि ग्रन्थों के रचयिता कोटिजित उपनामधारी कालिदास।

(४) धाराधिपति मुञ्ज (९५०-१००५ ई०) के समकालीन तथा नवसाहसाङ्क-चरित महाकाव्य के रचयिता पद्मगुप्त उपनामधारी परिमलकवि कालिदास।

(५) यमककवि इस नाम से प्रसिद्ध तथा नलोदयकाव्य के रचयिता कालिदास।

(६) चम्पूभागवत के रचयिता नवकालिदास।

(७) सम्राट् अकबर की सभा के समस्यापूर्तिकवि कालिदास-अकबरीय।

(८) लम्बोदर प्रहसन के रचयिता कालिदास ।
(९) संक्षेपशङ्करविजय के रचयिता माधव उपनामधारी अभिनवकवि कालिदास'[१] ।

महाकवि राजशेखर ने तीन कालिदासों का उल्लेख किया है—

"एको न जीयते हन्त कालिदासो न केनचित् ।
शृङ्गारे ललितोद्गारे कालिदासत्रयी नु किम् ॥"

सम्भवतः राजशेखर की इस 'कालिदासत्रयी' का अभिप्राय मेघदूत-कुमारसम्भव-रघुवंश यह 'कालिदासकाव्यत्रयी' है ।

संस्कृतसाहित्य में कालिदास की बढ़ती हुई अतिशय ख्याति को देखकर अनेक कवियों ने कालिदास यह उपनाम धारण किया है और कालिदास के नाम से ही अपनी रचनाएं की हैं । प्रायः शृङ्गारपरक उत्कृष्ट रचनाएँ, जिनके लेखक अज्ञात हैं, कालिदास की ही मान ली गई हैं । निम्नलिखित ३९ रचनाएँ कालिदास-कृत मानी जाती हैं :—

(१) शाकुन्तल, (२) विक्रमोर्वशीय, (३) मालविकाग्निमित्र, (४) रघुवंश, (५) कुमारसम्भव, (६) मेघदूत, (७) कुन्तलेश्वरदौत्य, (८) ऋतुसंहार, (९) अम्बास्तव, (१०) कल्याणस्तव, (११) कालीस्तोत्र, (१२) काव्यनाटकालङ्कार, (१३) गङ्गाष्टक (१) (१४) गङ्गाष्टक (२), (१५) घटकर्परकाव्य[२], (१६) चण्डिकादण्डकस्तोत्र, (१७) चर्चास्तव, (१८) ज्योतिर्विदाभरण, (१९) दुर्घटकाव्य, (२०) नलोदय, (२१) नवरत्नमाला, (२२) पुष्पबाणविलास, (२३) मकरन्दस्तव, (२४) मङ्गलाष्टक, (२५) महापद्याष्टक, (२६) राक्षसकाव्य, (२७) रत्नकोष, (२८) लक्ष्मीस्तव, (२९) लघुस्तव, (३०) विद्वद्विनोदकाव्य, (३१) वृन्दावनकाव्य, (३२) वैद्यमनोरमा, (३३) शुद्धचन्द्रिका, (३४) शृङ्गारतिलक, (३५) शृङ्गाररसाष्टक, (३६) शृङ्गारसारकाव्य, (३७) श्यामलाष्टक, (३८) श्रुतबोध, (३९) सेतुबन्ध[३] ।

---

१. श्री टी. एस. नारायण शास्त्री ने इन नौ कालिदासों का निर्देश किया है । (महाकविकालिदास-डॉ० रमाशङ्कर तिवारी, पृ० ४ पदटिप्पणी) ।

२. 'घटकर्परकाव्य' कालिदास की रचना है, यह अभिनवगुप्त को भी अभिमत है— (डॉ० के० सी० पाण्डेय—'ए हिस्टॉरिकल ऐंड फिलॉसोफिकलस्टडी ऑफ कालिदास' पृ० ६५) घटकर्परकाव्यम् (कालिदासविरचितम्) श्रीदेवदत्त शास्त्री द्वारा सम्पादित, प्रकाशटीकासहित, चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी से प्राप्य है ।

३. इन ३९ पुस्तकों का उल्लेख डॉ० भगवतशरण उपाध्याय ने अपने ग्रन्थ 'कालिदास' (जीवन और साहित्य) में किया है ।

श्रीरञ्जनसूरिदेव ने कालिदास की कृति के रूप में प्रसिद्ध १६ रचनाओं का उल्लेख किया है। उनमें से १५ रचनाएँ तो ऊपर लिखी हुई रचनाओं में ही हैं; किन्तु उन्होंने 'प्रश्नोत्तरमाला' नामक किसी ग्रन्थविशेष की भी चर्चा की है। परन्तु उनके मत में भी प्रसिद्ध सात रचनाएँ ही कालिदास की हैं; शेष रचनाएँ सन्दिग्ध हैं[1]।

डॉ० एस० के० दे ने कालिदास की २० सन्दिग्ध रचनाओं का संख्या-निर्देश किया है; किन्तु उन्होंने उन रचनाओं के नाम नहीं दिए हैं। उन्होंने केवल 'यमककाव्य' (नलोदयकाव्य) तथा 'राक्षसकाव्य' की चर्चा की है। परन्तु उन्होंने कालिदास की सुप्रसिद्ध सात रचनाओं–ऋतुसंहार, कुमारसम्भव, मेघदूत, रघुवंश, मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय और अभिज्ञानशकुन्तल–को ही प्रामाणिक रूप में स्वीकार किया है। 'ऋतुसंहार' कालिदास की रचना नहीं है, अथवा यह कालिदास के कवि की अपरिपक्वावस्था की रचना है, यह कुछ लोगों का मत है; इस मत का भी उन्होंने प्रबल तर्कों से निराकरण किया है[2]।

(१) संस्कृत काव्यों के प्राचीनतम टीकाकार मल्लिनाथ ने 'ऋतुसंहार' की टीका नहीं की है। उन्होंने रघुवंश की टीका के आरम्भ में कालिदास के रघुवंश, कुमारसम्भव और मेघदूत इन्हीं तीन काव्यों की चर्चा की है; जिन पर उन्होंने टीकाएँ लिखी हैं।

(२) किसी काव्यशास्त्री ने ऋतुसंहार के श्लोकों को उदाहरण के रूप में ग्रहण नहीं किया है; जैसा कि उन्होंने कालिदास के उपर्युक्त काव्यत्रय से ग्रहण किया है[3]।

(३) किसी संग्रह-पुस्तक में भी ऋतुसंहार के श्लोक संगृहीत नहीं हैं।

ये तथा इसी प्रकार अन्य युक्तियाँ भी 'ऋतुसंहार कालिदास की रचना नहीं है' इस मत के समर्थन में प्रस्तुत की जाती हैं।

(१) ऋतुसंहार कालिदास के कवि की किशोरावस्था की रचना है।

(२) वह कालिदास की प्रथम काव्यरचना है।

---

१. मेघदूत—एक अनुचिन्तन, भूमिका पृ० ५।

२. हिस्ट्री ऑफ संस्कृत लिटरेचर, पृ० १२१-१२२

३. केवल वत्सभट्टि ने अपने 'मन्दसोर' अभिलेख में 'ऋतुसंहार' के दो श्लोक उद्धत किए हैं।

(३) इसमें कालिदास की काव्यकला का परिपाक नहीं दीख पड़ता। कुछ आलोचकों ने ऋतुसंहार के सम्बन्ध में इस प्रकार के मत भी प्रस्तुत किए हैं[१]।

एस० एच० स्टेनबर्ग द्वारा सम्पादित 'कैसल्स इनसाइक्लोपीडिया ऑफ लिटरेचर' (प्रथम भाग, पृ० २९२) में कालिदास के उपर्युक्त सात ग्रन्थों का ही नामतः उल्लेख किया गया है। डॉ० कन्हैयालाल माणिकलाल मुन्शी के निर्देशन में सम्पादित 'दि हिस्ट्री ऐण्ड कल्चर ऑफ इण्डियन पीपुल' नामक ग्रन्थ (दि क्लैसिकल एज, भाग) में कालिदास की उपर्युक्त सात रचनाओं का ही उल्लेख है। डॉ० आर० डी० करमरकर ने कालिदास की रचनाओं का—अभिव्यक्तिसाम्य, शब्दसाम्य, भावसाम्य, लोकोक्तिप्रयोगसाम्य आदि दृष्टिकोणों से तुलनात्मक विवेचन कर यह निश्चय किया है कि ऋतुसंहार, मेघदूत, कुमारसम्भव, रघुवंश, मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय और अभिज्ञानशकुन्तल ये सात (सात ही) ग्रन्थ कालिदास की (कालिदास की ही) रचनाएँ हैं। ऋतुसंहार के सम्बन्ध में उन्होंने लिखा है—As regards the Ritu Samhara, one can not be sure, but the possibility is that it also has come from the pen of Kalidasa[२] ?"

डॉ० सी० कुन्हन राजा के मतानुसार कालिदास की छः रचनाएँ ही प्रामाणिक रूप में स्वीकार्य हैं। ऋतुसंहार के सम्बन्ध में उनके मन में भी सन्देह है। कालिदास के नाम से प्रसिद्ध अन्य रचनाएँ कालिदास उपनामधारी अन्य कवियों की हैं यह उनका विचार है[3]।

डॉ० वी० राघवन् के मतानुसार कालिदास की रचनाएँ आठ हैं—

---

१. हिलेब्रांत (Kalidasa, Berlin, 1921, P. 66), कीथ (J. R. A. S. 1912 P. 1060-70; J. R. A. S. 1913, P. 410-12: H. S. L., P. 240-42). जे. नोबिल (J. R. A. S. 1913, P. 410-10), हरिचन्दशास्त्री L. Arts Poetique de L[२] India, Paris, 1917, P. 240-42) प्रभृति विद्वान् इस मत के उपस्थापक हैं।

२. एक्सटेंशन लेक्चर्स सीरीज—४, पृ० १८–२३

३. सर्वे ऑफ संस्कृत लिटरेचर, कालिदास, पृ० ९५–१२७

ऋतुसंहार, मेघदूत, कुमारसम्भव, रघुवंश, कुन्तलेश्वरदौत्य[1], मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय और अभिज्ञानशकुन्तल। कालिदास ने प्रवससेनकृत 'सेतुबन्ध' नामक प्राकृतकाव्य का संशोधन किया है, यह किसी का मत है, इसका भी निर्देश डॉ० राघवन् ने किया है[2]। 'कालिदास ग्रन्थावली' के सम्पादक श्रीउत्पलेन्द्र मुखोपाध्याय[3], श्रीसीताराम चतुर्वेदी, डॉ० रेवाप्रसाद द्विवेदी प्रभृति विद्वानों ने निश्चय किया है कि कालिदास की उपर्युक्त सात ही (कुन्तलेश्वरदौत्य को छोड़कर) रचनाएँ निःसन्दिग्ध हैं। वस्तुतः अविच्छिन्न परम्परा से प्रचलित उपर्युक्त सात रचनाएँ ही कालिदासकृत हैं, यह बहुमत द्वारा स्वीकृत है। श्री एस० पी० पण्डित ने प्रबल तर्कों के द्वारा प्रचलित परम्परा का ही समर्थन किया है[4]।

डॉ० कीथ, वेबर, विन्टरनित्स, मैक्समूलर, मैकडोनेल प्रभृति पाश्चात्य तथा प्रो० कृष्णमाचारियर, प्रो० बलदेवप्रसाद उपाध्याय, श्री वाचस्पति गैरोला

---

१. कुन्तलेश्वर के सम्बन्ध में डॉ० राघवन् ने लिखा है—The Poem called the Kuntaleshwar dautya (on an embassy bitween a Vikramaditya and a Kuntal King with which Kalidasa was intrusted) which Kshemendra the critic of the 11th century as critics to Kalidasa. (V. Raghawan–Sanskrit Literature XVI Kalidasa. Publication division, Ministry of Information and Broad Casting. P. 65.)

क्षेमेन्द्र ने 'औचित्यविचारचर्चा' के 'अधिकरणौचित्य' के प्रसङ्ग में यह निर्देश किया है—'अधिकरणौचित्यं यथा कुन्तलेश्वर इत्यादि।" भोजकृत 'शृङ्गारप्रकाश' के अष्टम प्रकाश में कुन्तलेश्वरविषयक कालिदास और विक्रमादित्य के उत्तर-प्रत्युत्तर उद्धृत किए गए हैं—"कालिदासः 'किं कुन्तलेश्वरः करोति' इति विक्रमादित्येन पृष्टः, उक्तवान्—"असकलहसितत्वात्……पिबति मधुसुगन्धिन्याननानि प्रियाणाम्", इदमेवोहयित्वा विक्रमादित्यः प्रत्युवाच—"पिबतु मधुसुगन्धीन्याननानि प्रियाणाम्, मयि विनिहितभारः कुन्तलानामधीशः।" राजशेखर की काव्यमीमांसा के ग्यारहवें अध्याय में भी यह पद्य उदाहृत है।

२. वही पृ० ६६

३. श्रीउत्पलेन्द्र मुखोपाध्याय द्वारा सम्पादित, वसुमती कार्यालय, कलकत्ता से प्रकाशित, महाकविकालिदासग्रन्थावली (मूल उ बंगानुवाद सहित) सम्भवतः सर्वप्राचीन कालिदासग्रन्थावली है।

४. इन्ट्रोडक्शन टु मालविकाग्निमित्र।

प्रभृति भारतीय विद्वानों ने कालिदास की सात रचनाएँ ही प्रामाणिक रूप में स्वीकार की हैं। परन्तु यह सत्य है कि 'ऋतुसंहार' को कालिदास की रचना मानने में विद्वान् एकमत नहीं हैं।

डॉ० कीथ[1], मैकडोनेल[2], हिलेब्रांत[3], हुल्त्स (Haltzch), किल्हॉर्न (Kilhorn), बुलर (Buhler), स्त्रोदर (Von Schroeder) प्रभृति विद्वान् ऋतुसंहार को कालिदास की रचना मानते हैं। वाल्टररुबे[4], नोबिल[5], हरिचन्द[6] आदि इस विषय में सन्देह व्यक्त करते हैं।

मालविकाग्निमित्र को भी कालिदास की रचना मानने में कुछ लोग सन्दिग्धबुद्धि दीख पड़ते हैं। मालविकाग्निमित्र में कालिदास की नाट्यकला का विकसित रूप न देखकर विल्सन ने इसे कालिदास की रचना मानने में सन्देह व्यक्त किया है। किन्तु वेबर तथा एस० पी० पण्डित ने इस सन्देह का निराकरण किया है। कीथ के मत में मालविकाग्निमित्र कालिदास की निःसन्देह प्रथम नाट्य-कृति है। उन्होंने विल्सन द्वारा उपस्थापित सन्देह और वेबर द्वारा किए गए सन्देह-निराकरण का भी उल्लेख किया है—

"The Malavikagni mitrn is unquestionably the firat dramatic work of Kalidasa.........the merits of the poet are for less clearly exhibited here than his other play, but the identity of anthroship is unquestinable and was long ago provid by Webar against the doubbts of wilson[7]".

विक्रमोर्वशीय के प्राकृत पद्य कालिदासकृत हैं, इस विषय में भी कुछ लोगों को सन्देह है। क्योंकि ऐसी अपभ्रंशभाषा का प्रयोग वैसे प्राचीन नाटक में सम्भव नहीं है। और दूसरी बात यह है कि विक्रमोर्वशीय की उत्तर भारतीय प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों के चतुर्थ अङ्क में बहुत-से ऐसे अपभ्रंशपद्य हैं जो दक्षिण

---

1. Keeth—J. R. A. S. 1912, P. 1060-70/1913, P. 410–12
   डॉ० कीथ के अनुसार कालिदास ने ऋतुसंहार की रचना मालविकाग्निमित्र से पीछे की थी।
2. Macdonell—History of Sanskrit Literature, P.337
3. Hille Grandt—Kalidasa. P. 66
4. Walter ruben—Indiaca III, P. 6
5. Nobel—J. R. A. S. 1913, P. 401–9
6. Harichand—Kalidasa et Art Poetique de 1' 1'nde, P. 240
7. The Sanskrit Drama–The three dramas–Malavikagnimitra

भारतीय हस्तलिखित प्रतियों में नहीं मिलते। अतः वे पद्य कालिदासकृत नहीं हैं, यह कुछ विद्वानों का मत है। परन्तु गद्य-पद्यों में अपभ्रंश के प्रयोग में इस प्रकार का अन्तर तो मालतीमाधव, बालरामायण, प्रसन्नराघव और महानाटक में भी दीख पड़ता है अतः उपर्युक्त कल्पना का कोई युक्ति-संगत आधार नहीं मिलता इसलिए कीथ ने उक्त मत का निराकरण किया है[1]। डॉ० एस० के० डे द्वारा सम्पादित मेघदूत की प्रस्तावना में कालिदास की सात रचनाएँ प्रामाणिक रूप में मानी गई हैं—

"There is however, general agreement about Kalidasa's authorship of the Following works—Abhi, Vikrama, Malavi, Raghu, Kumar, Megha and Ritu [2]".

कालिदास की इन सात रचनाओं की प्रामाणिकता के सम्बन्ध में एक यह तर्क भी विद्वानों के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय तथा अभिज्ञानशकुन्तल में कालिदास ने अपने को नामतः संकेतित किया है। अतः यह स्पष्ट है कि यह नाटकत्रय कालिदास की ही रचना है। उनके कुमारसम्भव, मेघदूत और रघुवंश के सम्बन्ध में यह प्रसिद्धि अविच्छिन्न परम्परा से चली आ रही है कि कालिदास ने अपनी पत्नी के "अस्ति कश्चिद् वाग्विशेषः" इस वाक्य का अनुसरण करते हुए 'अस्ति, कश्चित्, वाक्' इन तीन पदों से आरम्भ कर क्रमशः कुमारसम्भव, मेघदूत और रघुवंश इस काव्यत्रय की रचना की। ऋतुसंहार और कुमारसम्भव के वसन्त-वर्णन में सर्वथा साम्य दीख पड़ता है; अतः यह काव्यचतुष्य और वह नाटकत्रय अर्थात् ये सात (सात ही) रचनाएँ कालिदास की (कालिदास की ही) हैं, यह प्रामाणिक रूप में स्वीकार किया जा सकता है।

द्रष्टव्य—मेघदूत के प्राचीन टीकाकार दक्षिणावर्तनाथ और उनके अनुयायी मल्लिनाथ ने मेघदूत के 'दिङ्नागानां पथि परिहरन्' इत्यादि श्लोक (१४) की व्याख्या में निचुल और दिङ्नाग को कालिदास का समकालीन माना है और दक्षिणावर्त्त ने कालिदास को 'नानार्थशब्दरत्न' का रचयिता कहा है जिस पर निचुल ने 'तरला' टीका लिखी है। उन्होंने 'नानार्थशब्दरत्न' के रचयिता कालिदास को मेघदूत के रचयिता कालिदास से अभिन्न सिद्ध करने का प्रयास किया है। इससे विदित होता है कि कालिदास ने 'नानार्थशब्दरत्न' की रचना की थी। परन्तु

1. The Sanskrit Drama, P. 151-52
2. Meghdutam by I. K. De, General Introduction.

दक्षिणावर्त्तनाथ का यह भ्रम है। 'नानार्थशब्दरत्न' के रचयिता भोजकालीन कालिदास हैं जो मेघदूतकार से सर्वथा भिन्न है[1]।

(ख) कालिदास की कृतियों का रचनाक्रम--

कालिदास की कृतियों का रचनाक्रम भी कालिदास-सम्बन्धी अन्य विषयों के समान मतभेदग्रस्त है। डॉ० आर० डी० करमर के मतानुसार कालिदास के काव्यों का रचनाक्रम इस प्रकार है—ऋतुसंहार, कुमारसम्भव (प्रथम तीन सर्ग), मेघदूत, कुमारसम्भव (अवशिष्ट सर्ग), रघुवंश। मेघदूत, कुमारसम्भव और रघुवंश के अन्तःसाक्ष्यों का पर्यालोचन करते हुए उन्होंने कहा है कि मेघदूत के अनेक पद्यों में शिव-पार्वती तथा कुमार-स्कन्द का उल्लेख है। इससे ज्ञात होता है कि मेघदूत की रचना के समय कालिदास के मन में कुमारसम्भव की कथा वर्त्तमान थी। इसलिए यह अनुमान किया जाता है कि कालिदास मेघदूत की रचना के समय कुमारसम्भव की रचना में भी लगे हुए थे।

रघुवंश में कुमार कार्त्तिकेय का (विभिन्न नामों से) और रति तथा काम का अनेक स्थानों में उल्लेख है—

"यो हेमकुम्भस्तननिःसृतानां स्कन्दस्य मातुः पयसां रसज्ञः" (२/३६),
"अथैनमद्रेस्तनया शुशोच सेनान्यमालीढमिवासुरास्त्रैः" (२/३७),

"सुरसरिदिव तेजो वह्निनिष्ठ्यूतमैशम्" (२/३२) (अत्यादित्यं हुतवहमुखे सम्भृतं तद्धितेजः, मेघदूत), 'कुमारजन्मामृतसम्मिताक्षरम्' (३।१६), 'उमावृषाङ्कौ शरजन्मना यथा' (३।२३), 'हरेः कुमारोऽपि कुमारविक्रमः (३।२५), 'कुमारकल्पं सुषुवे कुमारम्' (५।३६), 'रतेर्गृहीतानुनयेन कामं प्रत्यर्पितस्वाङ्गमिवेश्वरेण' (६।२), 'भूमिष्ठमासीदुपमेयकान्तिर्मयूरपृष्ठाश्रयिणा गुहेन' (६।४), 'स्कन्देन साक्षादिव देवसेनाम्' (७।१) इत्यादि। इससे यह विदित होता है कि रघुवंश की रचना करते समय कालिदास के मन में यह बात थी कि कुमारसम्भव की कथावस्तु पाठकोंको सुपरिचित है।

श्रीकरमर के अनुसार कालिदास के नाटकों का रचनाक्रम इस प्रकार है—मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय, अभिज्ञानशकुन्तल। इन नाटकों में कालिदास की नाट्यकला और प्रतिभा का उत्तरोत्तर विकास दीख पड़ता है।

१. डॉ० आद्याप्रसाद मिश्र--कालिदाससाहित्यम्, पृ० ६७-६८

मालविकाग्निमित्र की प्रस्तावना से ज्ञात होता है कि उस समय तक कवि को अपनी नाट्यक्षमता का विश्वास नहीं था। इसलिए उसने अपने पूर्ववर्त्ती कवियों का सादर उल्लेख किया है—"प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं ते वर्त्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः।" कवि की 'पुराणमित्येव न साधु सर्वम्' इस उक्ति से भी प्रतीत होता है कि उसने अपने नाटक में सर्वप्रथम नवीन कथावस्तु उपनिबद्ध की है। इससे यह अनुमान किया जाता है कि 'मालविकाग्निमित्र' कालिदास की प्रथम नाट्यरचना है।

विक्रमोर्वशीय में कालिदास ने पूर्ववर्त्ती कवियों का संकेतमात्र किया है, उनका नामतः उल्लेख नहीं किया है—"मारिष! बहुशस्तु परिषदा पूर्वेषां कवीनां दृष्टाः प्रयोगबन्धाः" इत्यादि। इससे ज्ञात होता है कि कालिदास उस समय तक भी अपनी नाट्यक्षमता के प्रति पूर्णतया विश्वस्त नहीं थे।

अभिज्ञानशकुन्तल में कालिदास ने पूर्ववर्त्ती कवियों अथवा नाटककारों की चर्चा नहीं की है। उन्होंने केवल अपने नाम का ही निर्देश किया है—"कालिदासग्रथितवस्तुना नवेन नाटकेन" इत्यादि। इससे ज्ञात होता है कि कालिदास उस समय तक अपनी नाट्यक्षमता के प्रति पूर्ण विश्वस्त हो चुके थे। अभिज्ञानशकुन्तल के अन्तिम श्लोक में उन्होंने सर्वशक्तिमान् स्वयम्भू शङ्कर से अपने पुनर्जन्म की समाप्ति के लिए प्रार्थना की है—"ममापि च क्षपयतु नीललोहितः पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः।" इससे यह प्रतीत होता है कि अभिज्ञानशकुन्तल कालिदास की अन्तिम नाट्यरचना है।

निष्कर्ष—डॉ० करमरकर के अनुसार कालिदास की रचनाओं का क्रम इस प्रकार है—ऋतुसंहार, कुमारसम्भव (प्रथम तीन सर्ग), मालविकाग्निमित्र, मेघदूत, कुमारसम्भव (अवशिष्ट भाग), विक्रमोर्वशीय, रघुवंश, अभिज्ञानशकुन्तल[1]। उन्होंने मालविकाग्निमित्र तथा मेघदूत के वस्तुवर्णन आदि की समता

1. "The probable order of the works of Kalidasa is, therefore, as follows—Ritu Samhara, Kumara (Beginning), Malvikagnimitra, Meghaduta, Kumara Sambhava, Vikramorvashiya, Raghuvansha and Shakuntala. It is probable that the poet was engaged on more than one work at one and the same time, but the above we think, is a fairly correct representative of the order in which the various works were written by the poet". Kalidasa P. 152.

का पर्यालोचन कर यह निश्चय किया है कि इन दोनों की रचना एक ही साथ हुई है[1]। इसी प्रकार कुमारसम्भव तथा विक्रमोर्वशीय[2] और रघुवंश एवम् अभिज्ञानशकुन्तल[3] भी साथ ही साथ लिखे गये हैं, यह उनका अभिमत है।

डॉ० एस० के० डे के मतानुसार मालविकाग्निमित्र कालिदास की अपरिपक्व नाट्यकला की कृति नहीं है। इसमें उत्कृष्ट नाटक के सभी गुण विद्यमान हैं। कालिदास ने अपने तीनों नाटकों में समान रूप में शिष्टता एवं नम्रता का प्रदर्शन किया है और तीनों नाटकों को अपूर्व एवं नवीन कथावस्तुओं से ग्रथित कहा है। अतः मालविकाग्निमित्र उनकी प्रथम नाट्यरचना है, यह निश्चय करना कठिन है[4]। प्रो० वी० हेनरी ने मालविकाग्निमित्र की नाट्यकला की अतिशय प्रशंसा की है[5]। के० आर० पिशारोती इस नाटक को किसी राजपरिवार का प्रच्छन्न व्यङ्ग्यकाव्य मानते हैं। डॉ० डे के अनुसार कालिदास की रचनाओं का क्रम इस प्रकार है—ऋतुसंहार, कुमारसम्भव, रघुवंश, मेघदूत, मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय, अभिज्ञानशकुन्तल[6]।

डॉ० चन्द्रबली पाण्डेय ने अपने 'कालिदास' नामक ग्रन्थ में कालिदास की रचनाओं का क्रम इस प्रकार निर्धारित किया है—ऋतुसंहार, मालविकाग्निमित्र, कुमारसम्भव, विक्रमोर्वशीय, मेघदूत, रघुवंश, अभिज्ञानशकुन्तल। श्री सी० कुन्हनराजा के अनुसार रघुवंश कालिदास की पहली काव्यरचना है। रघुवंश के आरम्भ में किया गया वृहत् विनयप्रदर्शन यह सूचित करता है कि रघुवंश उनकी काव्यरचना का प्रथम प्रयास है। मालविकाग्निमित्र की रचना के विषय में श्रीकुन्हनराजा को सन्देह है कि वह रघुवंश से पहले की रचना है। वे

---

1. "We think that Malavikagnimitra and Meghaduta go together".
2. "Similarly the Kumarsambhava and the Vikrmorvashiya go together". Kalidasa P. 251.
3. "It is to prove that Raghu and Shakuntala go together". Kalidasa, P. 152.
4. S. K. De—History of Sanskrit Literature, P. 136-37
5. V. Henry—Les Litterature de Inde, P. 305.
6. S. K. De –History of Sanskrit Literature, P. 137.

रघुवंश को अष्टादशसर्गात्मक ही मानते हैं[1]।

श्री हूथ, विलियम (ग्रैबोस्का) और हिलेब्रांत विक्रमोर्वशीय को कालिदास की अन्तिम नाट्यकृति मानते हैं[2]।

डॉ० कीथ मालविकाग्निमित्र को कालिदास की प्रथम नाट्यरचना, विक्रमोर्वशीय को द्वितीय तथा अभिज्ञानशकुन्तल को अन्तिम नाट्यरचना मानते हैं। "The Malvikagnimitra is unqestionably the first dramatic work of Kalidas............The Vikramorvashiya, by many reckoned as the last work in drama of Kalidasa, seems rather to fall in the interval between the youthful Malavikagnimitra and the mature perfection of the Shakuntala." (Sanskrit Drama, P. 147-49).

डॉ० कीथ के अनुसार कालिदास की रचनाओं का क्रम इस प्रकार है—ऋतुसंहार, मालविकाग्निमित्र, मेघदूत, कुमारसम्भव, रघुवंश, विक्रमोर्वशीय, अभिज्ञानशकुन्तल[3]।

---

1. Raghuvansha is an epic poem in eighteen cantos.........It is perhaps one of Kalidasa's earliest composition. We do not know whether it is his earliest composition or whether the drama Malavikagnimitra procceded it. The probability is that he started this epic as his first attempt at his poetry............ This long prelude to the poem indicates that this was his first attempt at writing poetry." (Survey of Sanskrit Literatu e, P. 115.)
2. Huth—op cit., P. 63 f.
   Mnee de William—Grabowska, A. I. I. C. P. 312
   Hille Grandt—Kalidasa, 1921, P. 87
3. Keeth—History of classical Sanskrit Literature—the three dramas.

—: x :—

द्वितीय अध्याय

(क) कालिदास की कृतियों के संस्करण (विभिन्न भाषाओं में)

(१) ऋतुसंहार—कालिदास का 'ऋतुसंहार' व्यापक रूप में अध्ययन का विषय नहीं है। अतः अधिक लोकप्रिय नहीं होने के कारण इसके संस्करणों की संख्या अधिक नहीं है। विदेशी भाषाओं में इसके संस्करण निम्नलिखित हैं :—

(क) आंग्लभाषा-संस्करण—

(१) सर विलियम जोन्स द्वारा कलकत्ता से १७९२ ई० सम्पादित।

(२) अमेरिकावासी आर्थर विलियम रायडर द्वारा सम्पादित[1]।

(३) श्री एच० क्रेनबोर्ग (Herman Kreynborg) द्वारा हनोवर (Hannover) से १९२४ ई० में सम्पादित[2]।

(४) श्री ई० पी० मैथर्स (E. P. Mathers) द्वारा लन्दन से १९२९ ई० में सम्पादित।

(५) श्री एम० आर० काले द्वारा सम्पादित (चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी से प्राप्य)।

(६) श्री आर० एस० पण्डित द्वारा अंग्रेजी अनुवाद आदि के साथ सम्पादित।

(७) श्री सत्यं जयति द्वारा अंग्रेजी अनुवाद के साथ सम्पादित।

(८) वासुदेव लक्ष्मण शास्त्री द्वारा बम्बई से १९२२ ई० में सम्पादित अंग्रेजी अनुवाद सहित।

(ख) जेचभाषा-संस्करण—

(१) ऋतुसंहार ट्रांसलेटेड इन टु जेच लैंग्वेज (Czech Language)

1. Arther Wiliam Ryder-Kalidasa (Translation of Shakuntala and other works) Published by J. M. Dentanel and Sons Ltd. and E.P. Dutton and Co. New York in 1912 A.D. and by Every man's Library in 1920 and 1928 A. D, (Reprint).
2. Ritu Samhara; the seasons (A descriptive poem by Kalidasa) with introduction original Sanskrit text in Bengali character.

(ग) लैटिनभाषा-संस्करण—

(१) श्री बोलेन (P. von Bohlen) द्वारा लिपसिग (Liepzing) से १८४० ई० में सम्पादित लैटिनपद्यानुवाद।

(घ) जर्मनभाषा-संस्करण :—

(१) श्री बोलेन द्वारा लिपसिग से १८४० ई० में सम्पादित जर्मनपद्यानुवाद।
(तामिल) (१) ऋतुसंहार तामिलगद्यानुवाद।

(सिंहली) (१) ऋतुसंहारकाव्य सिंहल भाषा में अनूदित।

'ऋतुसंहार' भारतीयभाषा (संस्कृत) संस्करण निम्नलिखित हैं—

(१) श्री पणसीकर (W. L. Pansikar) द्वारा मणिराम टीकासमेत सम्पादित तथा निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से १९०६ ई० में प्रकाशित प्रथम संस्करण और वहीं से १९२२ ई० में प्रकाशित उसी का द्वितीय संस्करण।

(२) ऋतुसंहार टीका—मणिरामकृत तथा सीताराम सहगल द्वारा सम्पादित।

(३) ,, —अमरकीर्तिसूरिकृत तथा ,, ,,

हिन्दी (१) 'प्रभा' हिन्दी टीका से युक्त वाराणसी से प्रकाशित।

(२) श्री रांगेयराघव द्वारा सम्पादित हिन्दी अनुवाद सहित सचित्र सस्करण[1]।

(३) लालासीताराम द्वारा हिन्दी अनुवाद-सहित रामनारायणलाल, प्रयाग से सम्पादित।

(२) कुमारसम्भव :—कुमारसम्भव महाकाव्य के विदेशीभाषा-संस्करण :—

(क) आंग्लभाषा-संस्करण—

(१) आर. टी. एच. ग्रिफिथ (R. T.H, Greffith) ने कुमारसम्भव का आंग्लभाषानुवाद १८७९ ई० में लन्दन से प्रकाशित किया।

(२) एम. आर. काले ने भी इसका आंग्लभाषानुवाद सम्पादित किया है।

---

१. चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी से प्राप्य।

(३) अमेरिकानिवासी आर्थर विलियम राइडर ने लन्दन तथा न्यूयार्क से इसका आंग्लभाषानुवाद सम्पादित किया है[१]।

(४) रंगलाल बनर्जी द्वारा अंग्रेजी अनुवाद के साथ सम्पादित।

(५) के. एम. बनर्जी द्वारा अंग्रेजी अनुवाद आदि के साथ सम्पादित[२]।

(६) शारदारञ्जनराय द्वारा अंग्रेजी अनुवाद तथा मल्लिनाथी टीका (सञ्जीवनी) के साथ कोहनूर प्रिन्टिङ्ग प्रेस, कलकत्ता से प्रकाशित।

(७) डॉ० सूर्यकान्त शास्त्री द्वारा सम्पादित तथा साहित्य अकादमी नई दिल्ली से प्रकाशित—The Kumaa Sambhava of Kalidasa (critically edited).

(ख) लैटिनभाषा-संस्करण—

(१) ए. एफ. स्तेंस्लर (A. F. Stenzler) ने इसका लैटिनभाषानुवाद-सहित (१-७ सर्ग तक) संस्करण बर्लिन से १८३८ ई० में सम्पादित किया।

(२) श्री फौचे (M. Hippolyte Fauch) द्वारा सम्पादित।

(ग) फ्रेंचभाषा-संस्करण—

(१) श्री फौचे (M. Hippcldte Fauch) द्वारा सम्पादित।

(घ) रूसीभाषा-संस्करण :—कुमारसम्भव का रूसीभाषा-संस्करण लेनिनग्राड के प्राच्यविद्यासंस्थान में प्राप्य है[३]।

कुमारसम्भव के भारतीयभाषा संस्करण—
संस्कृत-संस्करण—

(१) मल्लिनाथ (सञ्जीवनी) तथा—

(२) अर्जुनगिरि कुमारसम्भव के प्राचीनतम टीकाकार हैं।

---

१. Kalidasa (Translation of Sakuntala and other works) पूर्व पृष्ठ की पदटिप्पणी द्रष्टव्य।

2. Thacker spink & Co. London, Calcutta, 1867.

३. पटना (बिहार-भारत) से प्रकाशित 'आर्यावर्त' नामक दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र (दिनांक ४-३-१९७८ ई०, द्वितीय पृष्ठ, सप्तम स्तम्भ) में भी कुमार-सम्भव तथा गीतगोविन्द के रूसीभावानुवादों का उल्लेख है।

(३) विट्ठलशास्त्री द्वारा १८६६ ई० में सम्पादित ८-१७ सर्गात्मक संस्करण[1]।

विशेष—कुमारसम्भव, प्रथम सर्ग से सप्तम सर्ग तक ही कालिदास की रचना है, यह कुछ विद्वानों का मत है। ए. एफ. स्तैंस्लर ने कुमारसम्भव के उतने सर्गों तक का ही संस्करण सम्पादित किया है।

(४) श्री एन. बी. पर्वणीकर, के. पी. परब तथा डब्ल्यू. एल. पणशीकर (वासुदेव लक्ष्मण शास्त्री पणशीकर) द्वारा मल्लिनाथटीका-सहित १-८ सर्गात्मक संस्करण और सीताराम की टीका के साथ ९-१७ सर्गात्मक संस्करण निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से १९३० तथा १९३२ ई० में प्रकाशित।

(५) कुमारसम्भव मल्लिनाथ, चरित्रवर्द्धन तथा सीताराम की टीकाओं के साथ गुजराती प्रिण्टिङ्ग प्रेस बम्बई से १८९८ ई० में प्रकाशित।

(६) टी. गणपति शास्त्री द्वारा अर्जुनगिरि तथा नारायण टीका के साथ एक से आठ सर्ग तक त्रिवेन्द्रम् संस्कृत सीरीज, मद्रास से १९१३-१४ ई० में प्रकाशित।

अन्य प्राचीन टीकाओं के संस्करण—मैथिल टीकाकार जगद्धर (कुमारसम्भव-रसदीपिका के लेखक, चौदहवीं शताब्दी में वर्त्तमान), मैथिल टीकाकार दिवाकर उपाध्याय (१३८५ ई० से पूर्व में वर्त्तमान), मेघदूत की टीका (श्लोक-संख्या ७०) में भरतमल्लिक द्वारा उद्धृत बृहस्पति मिश्र (कुमारसम्भवव्याख्या)[2] ऑफ्रेच द्वाआ संकेतित[3] भगीरथ मिश्र (भगीरथकवि), १७५० ई० में विद्यमान बंगाली टीकाकार भरतमल्लिक (भरतसेन-सुबोधा टीका) मेघदूत की 'शिशुहितैषिणी' टीका के लेखक श्रीवत्सव्यास, दशम शताब्दी में वर्त्तमान बल्लभदेव[4], १६५३ ई० में स्थित जैनटीकाकार विजयसूरि (विजयगणि), मेघदूत के टीकाकार हरिदास मिश्र (कुमारकाव्यार्थदीपिका), चारित्रवर्द्धन (कुमारसम्भवचारित्रवर्द्धिनी), गंगाधरशास्त्री (कुमारसम्भवपुंसवनी), गोपालानन्द

१. पण्डित ओल्ड, सीरीज, १-११।
२. कुमारसम्भवव्याख्या, मिथिला-संस्कृत-पुस्तक-सूची, भाग २।
3. An frech I. P. 394 b.
४. वल्लभदेव कुमारसम्भव के सम्भवतः प्रथम टीकाकार हैं।

(कुमारसम्भवसारावली)[१] दक्षिणावर्तनाथ (कुमारसम्भवदीपिका[२]), जयसिंह (कुमारसम्भवव्याख्या[३]), कुमारसम्भवपदान्वय[४], विद्यामाधव (कुमारसम्भव-दीपिका)[५], कविनारायण (कुमारसम्भवदीपिका[६]), लक्ष्मीवल्लभ (कुमार-सम्भवार्थालापनिका), जिन समुद्रसूरि (कुमारसम्भवटीका), हरिचरणदास (कुमारसम्भवटीका-देवसेना), प्रेमचन्द्र (कुमारसम्भवटीका), रघुपति (कुमार-सम्भवटीका[७]), नवनीतराम (कुमारसम्भवव्याख्या[८]) और पं० अविनाशचन्द्र (कुमारसम्भवम् संस्कृत टीकासहितम्) द्वारा सम्पादित संस्करण विशेष उल्लेखनीय हैं।

आधुनिक संस्करण :—उपर्युक्त टीका-संस्करणों के अतिरिक्त अन्य भी बहुत-से संस्कृत-टीका-संस्करण हैं जो एक ही साथ सम्पूर्ण काव्य के हैं, अथवा आरम्भ से आठ सर्गों तक के हैं या एक-दो-तीन सर्गों के आंशिक रूप में हैं। ये आंशिक संस्करण वाराणसी आदि विभिन्न स्थानों से प्रकाशित हैं और विश्वविद्यालयों में पाठ्यग्रन्थ के रूप में निर्धारित हैं। प्रसंग में डॉ० वनेश्वर पाठक द्वारा विस्तृत भूमिका आदि के साथ सम्पादित तथा सुबोधग्रन्थमाला, राँची से प्रकाशित कुमार-सम्भव के तृतीय तथा पञ्चम सर्गों की 'सुप्रभा' टीका तथा सुबोधग्रन्थमाला, राँची से ही प्रकाशित डॉ० अयोध्याप्रसाद सिंह—डॉ० चन्द्रकान्त शुक्ल द्वारा सम्पादित कुमारसम्भव-पञ्चम सर्ग की व्याख्या आदि छात्रोपयोगी संस्करण विशेष उल्लेख्य हैं।

विशेष ज्ञातव्य :—श्री विट्ठलशास्त्री द्वारा सम्पादित कुमारसम्भव के आठवें सर्ग से सतरहवें सर्ग तक तथा सीताराम द्वारा सम्पादित[९] नवम सर्ग से सप्तदश सर्ग तक के टीका-संस्करणों का मूल स्रोत आज तक उपलब्ध नहीं है अतः हरिचन्द्र

---

१. एग्लिङ्गकृत संस्कृत-पुस्तक-सूची, वाल्यूम ६, क्र० सं० ३७५७, पृ० १४१८।
२. गवर्नमेण्ट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लायब्रेरी, मद्रास।
३. गवर्नमेण्ट ,, ,, ,, ,,
४. लेखक अज्ञात ,, ,, ,, ,,
५. ,, ,, ,, ,, ,,
६. ,, ,, ,, ,, ,,
७. मिथिला-संस्कृत-पुस्तक-सूची भाग २।
८. ,, ,,
९. केवल आर. एल. मित्र ने एक ऐसी हस्तलिखित प्रति का उल्लेख किया है—K. L. Mitra—Zotices X no. 328), P. 38.

शास्त्री[1], जैकोबी[2] वेबर[3] प्रभृति विद्वानों ने कुमारसम्भव के नवम सर्ग से सप्तदश सर्ग तक के सभी सर्गों को पीछे से जोड़ा हुआ माना है। कुमारसम्भव के कुछ प्राचीनतम संस्करणों में आरम्भ से सात ही सर्ग मिलते हैं। किन्तु अष्टम सर्ग पर भी प्राचीन टीकाकार मल्लिनाथ तथा अर्जुनगिरि की टीकाओं को देखकर और उस सर्ग में कालिदासकृत शिव-पार्वती के शृंगारिक वर्णन को मम्मटादि आचार्यों के द्वारा दोषदृष्टि से देखा हुआ विचार कर अष्टम सर्ग को भी कालिदास की ही रचना माना जाता है। प्रो० शिवप्रसाद भट्टाचार्य ने भी यह विवादास्पद प्रश्न उठाया है[4]। विवादों के रहते हुए भी यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि ये सर्ग (नवम से सप्तदश तक) चौदहवीं शताब्दी से पहले के ही जोड़े हुए हैं।

तामिल भाषा-संस्करण—

(१) वी. एस. वेङ्कटराघवाचार्य द्वारा लिटिल फ्लावर कम्पनी, मद्रास से १९५२ ई० में सम्पादित प्रथम, द्वितीय तथा पञ्चम सर्ग का तामिल पद्यानुवाद।

(२) वी. एस. रंगनाथ द्वारा भारतदेवी से १९५० ई० में सम्पादित पञ्चम सर्ग का तमिल अनुवाद।

हिंदी भाषा-संस्करण—

(१) पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी द्वारा प्रयाग से १९२३ ई० में सम्पादित कुमारसम्भव हिन्दी-अनुवाद।

(२) पं० श्यामनारायण पाण्डेय द्वारा चौखम्बा संस्कृत सीरीज (सं० ९०), वाराणसी से प्रकाशित हिन्दी-पद्यानुवाद।

(३) श्री प्रद्युम्न पाण्डेय द्वारा चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी से प्रकाशित 'प्रकाश' हिन्दी टीका-सहित कुमारसम्भव का सम्पूर्ण संस्करण।

(४) राजपाल एण्ड सन्स दिल्ली से प्रकाशित कुमारसम्भव की सम्पूर्ण हिन्दी व्याख्या।

(५) मल्लिनाथ तथा सीताराम की टीका के साथ ८-१७ सर्गों तक वेङ्कटेश्वर प्रेस, बम्बई से १८९५ ई० में प्रकाशित।

---

1. Kalidasa et L' Art Poetique de L' Inde, Paris 1917. P. 2356.
2. Verhanl d. v. Orient Kangress, Berlin 1881, II P. 133-56.
3. Z. D. M. G. XXVII P. 174 f, and in Ind. Strifen III P. 217 f.
4. Proceedings of the 5th oriental conference vol. I. P. 43-44.

(६) उपर्युक्त टीकाओं के साथ ८-१७ सर्गों तक तारानाथ भट्टाचार्य द्वारा वाल्मीकि प्रेस कलकत्ता से वि० सं० १९२७ में प्रकाशित।

(७) मल्लिनाथ की सञ्जीवनी टीका के साथ अंग्रेजी अनुवाद सहित कोहनूर प्रिंटिंग प्रेस कलकत्ता से १९२७ ई० में प्रकाशित।

रघुवंश महाकाव्य—

कालिदास के काव्यों में 'रघुवंश' सर्वाधिक लोकप्रिय महाकाव्य है। प्रायः सभी विदेशी विश्वविद्यालयों में संस्कृत शिक्षार्थियों के लिए यह महाकाव्य (आंशिक रूप में) पाठ्य ग्रंथ के रूप में निर्धारित है। भारतवर्ष के सभी विश्वविद्यालयों में यह महाकाव्य पढ़ाया जाता है। इसीलिए इसके संस्करणों की अधिकता है।

विदेशी भाषा-संस्करण :—

(क) लैटिन भाषा-संस्करण :—

(१) श्री ए. एफ. स्तेंस्लर (A. F. Stenzler) द्वारा सम्पादित तथा १८६२ ई. में लन्दन से प्रकाशित लैटिन भाषा अनुवाद।

(ख) आंग्ल भाषा-संस्करण :—

(१) श्रीगोपालरघुनाथनन्दर्गीकर द्वारा मल्लिनाथी टीका के साथ संपादित तथा १८९७ ई० में बम्बई से प्रकाशित अंग्रेजी अनुवाद।

(२) अमेरिका निवासी आर्थर विलियम रायडर द्वारा रघुवंश का अनुवाद अंग्रेजी भाषा में लन्दन तथा न्यूयार्क से प्रकाशित[1]।

(३) एम. आर. काले द्वारा अंग्रेजी अनुवाद के साथ सम्पादित तथा बम्बई से १९२९ ई० में प्रकाशित।

(४) हरिचरण गंगोपाध्याय तथा रामगोपाल भट्टाचार्य द्वारा सम्पादित विस्तृत भूमिका आदि के साथ अंग्रेजी. अनुवाद, के. एम. गांगुली, कलकत्ता से १९०१ ई० में प्रकाशित।

---

1. Raghuvansha with English Translation (in the vol. "Translation of Shakuntala and other works.")—Every man's Library London, 1928 (Reprint) Published by K. G. Sharangapani.

(५) शंकरपाण्डुरंग पण्डित द्वारा सम्पादित विस्तृत भूमिका के साथ अंग्रेजी अनुवाद, बाँम्बे संस्कृत सीरीज से १८७४ ई० में प्रकाशित।

(६) नारायण राम आचार्य द्वारा सम्पादित तथा बम्बई से १९४८ ई० में प्रकाशित अंग्रेजी अनुवाद।

(७) प्रो. आर. डी. करमरकर द्वारा सम्पादित तथा पूना से १९५४ ई० में प्रकाशित विस्तृत भूमिका-सहित अंग्रेजी अनुवाद।

(८) चण्डी प्रसाद द्वारा सम्पादित तथा रामनारायणलाल, इलाहाबाद से १९५६ ई० में प्रकाशित।

(९) शारदारञ्जनराय द्वारा सम्पादित टिप्पणी आदि सहित अंग्रेजी अनुवाद।

(१०) भवानीदत्त शास्त्री द्वारा मोरादाबाद से १९०४ ई० में प्रकाशित अंग्रेजी अनुवाद।

(११) नवीनचन्द्रदास द्वारा सम्पादित अंग्रेजी अनुवाद।

(१२) पी. डी. एल. जाँन्सटन (P. D. L. Johnston) द्वारा सम्पादित अंग्रेजी अनुवाद।

(१३) कैप्टन टेल द्वारा सम्पादित अंग्रेजी अनुवाद (द्वादश सर्ग पर्यन्त)।
(Captain tell—catalogue of Sanskrit Mss. by Eggling, Part VII, P. 1417. serial No. 3752).

(१४) सीताराम द्वारा सम्पादित तथा नेशनल प्रेस इलाहाबाद से प्रकाशित अंग्रेजी अनुवाद।

(१५) रघुवंश का अंग्रेजी अनुवाद 'पण्डित' पत्रिका, भाग २–४ में वाराणसी से प्रकाशित।

(ग) फ्रेंच संस्करण :—

(१) फौचे (M. Hippolyte-Fauche) द्वारा सम्पादित फ्रेंच अनुवाद।

(घ) जर्मन संस्करण :—

(१) लुईस रनु (Louis Renou) द्वारा पेरिस से १९२८ ई० में सम्पादित जर्मन अनुवाद। (Kalidasa, Le Raghuvansha, poem en XIX chants, trad du Sanskrit).

(ङ) रूसी भाषा संस्करण :—

(१) रूसी भाषा में भी रघुवंश का अनुवाद प्रकाशित हुआ है। यह संस्करण लेनिनग्राड के प्राच्य विद्यासंस्थान में प्राप्य है।

भारतीय भाषा संस्करण :—

संस्कृत—

(१) वल्लभदेव की टीका के साथ सम्पादित[1]।
(२) जनार्दन (११९३–१३८५ ई० के मध्य) की टीका के साथ सम्पादित।
(३) चरित्रवर्द्धन की टीका के साथ सम्पादित[2]।
(४) दिनकरमिश्र (१३८५ ई०) द्वारा सम्पादित[3]।
(५) मिथिलानिवासी दिवाकर उपाध्याय (१३८५ ई. से पूर्व) द्वारा सम्पादित[4]।
(६) बृहस्पति मिश्र की टीका के साथ सम्पादित।
(७) भगीरथ मिश्र (भगीरथकवि) द्वारा सम्पादित[5]।
(८) भरतमल्लिक की टीका के साथ सम्पादित[6]।
(९) मल्लिकनाथ (चौदहवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध) की 'सञ्जीवनी' टीका के साथ सम्पादित[7]।

---

1. B. O. R. 1. 82 ard 84 of 1883-84.
2. Annal of B. O. R. I. XV P. 109-11
3. B. O. R. I. Baroda—11364.
4. Mithila 358, Mithila 11, P. 114. I. O. No. 3480/1616 d.
5. Aufretch—1. P. 394 b.
6. A. S. P. 152. Mithila 11 P- 11, I. O. 3734,1584.
7. R. A. S. B. 4958/4028.

(१) गोपालरघुनाथ नन्दर्गिकर ने अंग्रेजी अनुवाद, टिप्पणी आदि के साथ मल्लिनाथी टीका का सम्पादन बम्बई से १८९७ ई० में प्रकाशित कराया था।

(२) कनकलाल ठक्कुर ने अपनी भावबोधिनी टीका के साथ मल्लिनाथी टीका का सम्पादन काशी से १९२६ ई० में किया था।

(३) शङ्कर पाण्डुरंग पण्डित ने अपनी टीका के साथ इसका सम्पादन बम्बई सं० सीरीज से १८७२-७४ ई० में तथा १८९७ ई० में तीन भागों में किया था।

(४) वासुदेव लक्ष्मणशास्त्री ने मल्लिनाथी टीका का सम्पादन निर्णयसागर प्रेस (सं० १०) से १९३२ ई० में किया था।

(१०) श्रीवत्सव्यास की टीका के साथ सम्पादित[1]।

(११) विजय सूरि की टीका के साथ सम्पादित[2]।

(१२) हरिदासकृत व्याख्या के साथ सम्पादित।

विशेष—ये १२ प्राचीन टीकाकार मेघदूत के भी टीकाकार हैं।

(१३) एस. पी. पण्डित द्वारा सम्पादित तथा बम्बई संस्कृत सीरीज, बम्बई से १८६९-७४ ई. में प्रकाशित।

(१४) बृहस्पतिमिश्र की रघुवंशविवेक या रघुवंशदीपिका।

(१५) हेमाद्रि की दर्पण टीका।

(१६) मल्लिकभट्ट की रघुवंशविवरण या दर्पण टीका।

(१७) चारित्रवर्द्धन की शिशुहितैषिणी टीका।

(१८) दक्षिणावर्त्तनाथ की रघुवंश टीका।

(१९) धर्ममेरु की रघुवंशटीका, ये टीका-संस्करण प्रकाशित हैं और कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में विद्यमान हैं।

(२०) कनकलालठाकुर द्वारा बनारस से १९२६ ई० सम्पादित भावबोधिनी टीका।

(२१) गौरीनाथपाठक द्वारा हिन्दी-अनुवाद के साथ काशी से १९३३ ई० में सम्पादित सुबोधिनी या गौरीनाथी टीका।

(२२) ज्वालाप्रसाद मिश्र द्वारा हिन्दी-अनुवाद सहित वेंकटेश्वरप्रेस बम्बई से १८२९ ई० में प्रकाशित भावार्थदीपिका टीका।

(२३) ब्रह्मशंकरमिश्र द्वारा चौ० सं० सीरीज (सं० ८४) वाराणसी से प्रकाशित सुधा टीका।

(२४) नारायण महेश्वर की पदार्थदीपिका टीका—(गवर्नमेंट ओरियन्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लायब्रेरी, मद्रास)।

---

1. B. O. R. I. 748 of 1886-92 Baroda-6089 and-71
2. B. O. R. I. 443 of 1887-91.

(२५) महामहोपाध्याय शशिधर की प्रकाशटीका—डिस्क्रिप्टिव कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स, मिथिला, भाग २)

(२६) भीमसेन दीक्षित की अलंकाररत्नावली टीका—(कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स लायब्रेरी, वम्बई युनिवर्सिटी)।

(२७) रत्नचन्द की रघुवंशटीका (अपूर्ण)—(गवर्नमेंट मैनुस्क्रिप्ट्स लायब्रेरी, भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इंस्टीच्यूट, पूना)।

(२८) हरिदासमिश्र की प्रकाशिका टीका—(गवर्नमेंट मैनुस्क्रिप्ट्स लायब्रेरी, भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इंस्टीच्यूट, पूना)।

(२९) पं० रामतेजशास्त्री द्वारा सम्पादित रघुवंशम् संस्कृतटीका सहितम्।

(३०) पं० रामचन्द्रमिश्र द्वारा सम्पादित तथा कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय से १९७९ ई० में प्रकाशित सम्पूर्ण रघुवंश मूलमात्र।

विशेष—डॉ० आद्याप्रसाद मिश्रने अपने 'कालिदास साहित्यम्' (कामेश्वरसिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय प्रकाशन १९६२ ई०) में निम्नलिखित अप्रकाशित टीकाओं का उल्लेख किया है—(१) गुणविनयगणिकृत रघुवंशटीका, (२) महामहोपाध्याय कृष्णभट्टकृत सन्देह विषौषधिटीका, (३) नवनीतकृत तत्त्वार्थदीपिका टीका (४) राजमुकुन्दकृत दुर्घटसंग्रहटीका, (५) आनन्दयतिवल्लभकृत अर्थालापनिका टीका (६) समयसुन्दरकृत पञ्जिका टीका, (७) अरुणगिरिनाथकृत प्रकाशिकाटीका, (८) नारायणपण्डितकृत पदार्थदीपिकाटीका, (९) जयसिंहकृत विवरणटीका, (१०) गोपीनाथ तथा (११) भगीरथकृत रघुवंशव्याख्या, (१२) सुमतिविजयकृत रघुवंशटीका, (१३) दिनकरकृत सुबोधिनीटीका, (१४) विजयानन्दकृत रघुवंशव्याख्या, (१५) विजयगणिकृत विस्तरटीका और (१६) वल्लभदेवकृत रघुवंशव्याख्या।

आधुनिक संस्करण :—

(१) सञ्जीवनी, मणिप्रभा एवं विमर्श टीका के साथ सम्पूर्ण तथा आंशिक रूप में पृथक्-पृथक् प्रकाशित।

(२) सम्पूर्ण हिन्दी व्याख्या के साथ प्रकाशित।

(३) ब्रह्मशङ्करमिश्र द्वारा 'सुधा' व्याख्या के साथ पृथक्-पृथक् सर्गों में चौ. सं. सी. (सं. ८४) से १९३० ई० में प्रकाशित।

(४) श्रीकृष्णमणि त्रिपाठी द्वारा पृथक्-पृथक् सर्गों में प्रकाशित।

(५) श्री शेषराजशर्मा कृत 'चन्द्रकला' व्याख्या के साथ प्रकाशित केवल १३-१४ सर्गात्मक।

(६) जितेन्द्राचार्यकृत हिन्दी टीका सहित केवल १३-१४ सर्गात्मक।

(७) डॉ० वनेश्वरपाठककृत विस्तृतभूमिका आदि के साथ हिन्दी-संस्कृत (सुप्रभा) व्याख्यासहित सुबोधग्रन्थमाला, राँची से प्रकाशित रघुवंश त्रयोदशसर्ग।

(८) रघुवंश-द्वितीय सर्ग की व्याख्याएँ तो बहुत हैं।

(९) डॉ० रेवाप्रसाद द्विवेदी द्वारा ईश्वरसूरि के पुत्र भट्टहेमाद्रि १५०० ई० द्वारा प्रणीत 'दर्पण' टीका के साथ सम्पादित—१९७३-७४.

(१०) मल्लिनाथी टीका के साथ रघुवंश का सम्पूर्ण नवीनतम संस्करण श्रीधारादत्तमिश्रकृत संस्कृत-हिन्दी, व्याख्या सहित मोतीलालबनारसीदास से १९७५ में प्रकाशित।

(हिन्दी)

(१) राजा लक्ष्मणसिंह द्वारा सम्पादित, आगरा से १८७८ ई० में प्रकाशित हिन्दी-अनुवाद।

(२) रामप्रसादसारस्वत द्वारा सम्पादित, आगरा से १९३७ ई० में प्रकाशित हिन्दी अनुवाद।

(३) पं० महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा सम्पादित, काशी से १९२३ ई० में प्रकाशित हिन्दी-अनुवाद।

(४) लाला सीताराम द्वारा सम्पादित, रामनारायणलाल, प्रयाग से प्रकाशित हिन्दी-अनुवाद।

(५) चौखम्बा सं० सीरीज (सं०५१) वाराणसी से १९५३ में प्रकाशित हिन्दी-अनुवाद।

(६) इन्द्र विद्यावाचस्पति द्वारा राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली से प्रकाशित रघुवंश का सम्पूर्ण हिन्दी रूपान्तर।

(७) सरयू प्रसाद मिश्र द्वारा सम्पादित रघुवंश का हिन्दी पद्यानुवाद।

(तमिल) :—

(१) अरसकेसरी द्वारा सम्पादित, १९१५ ई० में प्रकाशित रघुवंश का तमिलपद्यानुवाद ।

(२) वी. एस. वेङ्कट राघवाचार्य तथा वी. एस. रङ्गनाथन द्वारा सम्पादित, लिटिल फ्लावर कम्पनी, मद्रास से १९५२ ई० में तमिलभाषा में प्रकाशित रघुवंश व्याख्या ।

(३) रघुवंश का तमिल-अनुवाद १८९० ई० में प्रकाशित ।

(४) डी. टी. ताताचार्य द्वारा सम्पादित तथा श्री वेङ्कटेश्वर ओरियण्टल इन्स्टीच्यूट, तिरुपति से प्रकाशित रघुवंश की तमिल-व्याख्या ।

मेघदूत

लोकप्रियता की दृष्टि से मेघदूत का भी, संस्कृत साहित्य में, महत्वपूर्ण स्थान है। 'माघे मेघे गतं वयः' यह उक्ति प्रचलित ही हैं। एक विशिष्ट काव्य-रचना-शैली (दूतकाव्य-शैली) का प्रवर्त्तक होने के कारण भी संस्कृत साहित्य में इसका विशिष्ट स्थान है। प्रायः सभी भाषाओं में इसके विभिन्न संस्करण प्राप्य हैं। कई भाषाओं में इसके पद्यात्मक अनुवाद भी हुए है। कुछ कवियों ने तो इसके पद्यों के चरणों को भी अपने पद्यों में समस्यापूर्ति के रूप में समावेशित किया है[1]। मेघदूत के जितने संस्करण हैं उतने और किसी संस्कृत काव्य के नहीं हैं। मेघदूत पर भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में लिखी गई टीकाओं तथा इसके अनुवादों की सम्मिलित संख्या १५० से भी अधिक है। इसके संस्करण इस प्रकार हैं :—

विदेशीभाषासंस्करण—

(क) आंग्लभाषा संस्करण—

(१) होरेस हेमैन विलसन (नवस्थापित 'एशियाटिक सोसायटी ऑफ बेंगाल' के प्रथम सचिव) ने मेघदूत के मूल पाठ के साथ इसका पद्यानुवाद हिन्दुस्तानी प्रेस कलकत्ता से १८१३ ई० में प्रकाशित कराया था[2]।

---

१. जैनकवि जिनसेन का 'पार्श्वाभ्युदय' द्रष्टव्य है।

2. **H. H. Wilson (Horace Heyman Wilson)—The Meghaduta Cloud messenger: A Poem in the Sanskrit Language by Kalidasa.**

विशेष—विदेशी भाषाओं में मेघदूत का यह प्रथम संस्करण है। इस संस्करण के सम्पादन में विलसन ने मेघदूत की तीन हस्तलिखित प्रतियों को आधार ग्रन्थ के रूप में ग्रहण किया था—दो पेरिस से प्राप्त और एक कोपेनहेग से प्राप्त। इस संस्करण के माध्यम से मेघदूत का प्रथम परिचय प्राप्त कर जर्मन कवि गेटे ने कहा है—'ऐसे ग्रन्थ का प्रथम परिचय हमारे जीवन की एक शाश्वतघटना है[१]।'

इस संस्करण का पुनर्मुद्रण 'ब्लैक पेरी एण्ड कम्पनी, लन्दन[२] से १८१४ ई० में हुआ था। इसका द्वितीय संस्करण 'रिचार्ड वाट्स[3], लन्दन' से १८४३ ई० में प्रकाशित हुआ। इसका तृतीय संस्करण ट्रुब्नर एण्ड कम्पनी,[४] लन्दन से १८६७ ई० में प्रकाशित हुआ। विलसन के संस्करण से प्रेरित होकर अनेक विदेशी विद्वानों ने मेघदूत का अनुवाद और व्याख्या की हैं।

(२) मेघदूत का अंग्रेजी में गद्यात्मक अनुवाद कर्नल हेनरी ऐम औव्री ने विलियम्स एण्ड नार्गेट, लन्दन[५] से १८६८ ई० प्रकाशित कराया था[६]।

(३) मेघदूत का दूसरा अंग्रेजी गद्यात्मक अनुवाद जार्ज ए. जैकब ने पूना से १८७० ई० में प्रकाशित कराया था।

(४) मेघदूत का तीसरा अंग्रेजी पद्यानुवाद थामस क्लर्क ने ट्रुब्नर एण्ड कम्पनी, लन्दन से १८८२ ई० प्रकाशित कराया था[७]।

(५) मेघदूत का चौथा आंग्लभाषानुवाद चार्ल्सकिंग[८] ने 'दि विज्डम ऑफ दि ईस्ट सीरीज, जौन मुरे, लन्दन[९] से १९३० ई० प्रकाशित कराया था।

---

1. "The first meeting with a work such as this is always an event in our life". (Notes to the west East Divan)
2. Black Parry and London.
3. Richard wat ts London.
4. Trubner and co. London.
5. Williams and Norgate London.
6. Clolonel Henry Aime Ouvry—The Meghaduta or Cloud Messenger by Kalidasa·
7. Thomas clerk—Meghaduta the cloud messenger, a poem by Kalidasa.
8. Charlsking.
9. The wisdom of the East series, John Murray, London.

(६) अमेरिका निवासी आर्थर विलियम रायडर ने जे० एम० देन्त एण्ड संण्स लिमिटेड, लन्दन[1] से तथा ई० पी० दत्तन एण्ड कम्पनी, न्यूयार्क[2] से १९१२ ई० और एवरी मैन्स लायब्रेरी[3] से १९२० एवं १९२९ ई० में मेघदूत का आंग्लभाषानुवाद[4] प्रकाशित कराया था।

(७) मेघदूत का एक दूसरा अंग्रेजी अनुवाद कोसेगार्टन ने किया है; जिसकी प्रशंसा जर्मन कवि गेटे ने की है।

(८) ई० हुल्त्स[5] ने भी मेघदूत का अंग्रेजी अनुवाद किया है; जो वल्लभदेव की पञ्जिका वृत्ति के साथ आर० ए० एस० लन्दन से १९११ ई० में प्रकाशित है।

(९) ई० मुईर (E. Muier) द्वारा सम्पादित अंग्रेजी अनुवाद—(Published in his "Classical Poetry of India" Vol. III, P. 90 ff.)

(१०) आर. टी. एच. ग्रीफिथ द्वारा सम्पादित इलाहाबाद से १९१३ ई० में अंग्रेजी अनुवाद—(Meghaduta or Messenger cloud.)

(११) पं० काशीनाथ बापू पाठक (K. B. Pathk) द्वारा सम्पादित, आर्यभूषण प्रेस पूना से १८९२ ई० (द्वितीय सं० १९१६ ई०) में प्रकाशित मल्लिनाथी टीका के साथ अंग्रेजी अनुवाद।

(१२) गोपाल रघुनाथ नन्दर्गीकर द्वारा सम्पादित, गोपालनारायण ऐण्ड कम्पनी बम्बई से १८९४ ई० में प्रकाशित विभिन्न पाठों के साथ गद्यात्मक अंग्रेजी अनुवाद।

(१३) डॉ० एस० के० द्वारा साहित्य अकादमी दिल्ली से १९५९ में प्रकाशित—(Meghaduta critically edited with introduction, select Bibliography, Indices etc.)

---

1. J. M. Dent and Sons, Ltd. London.
2. E.P. Dutton and and co. New york.
3. Every man's Library.
4. Arthur william Ryder—Kalidasa (translation of Shakuntala and other works, viz, Raghu Kumar. Megha and Ritu Samhara).

5 E. Hultzsch

(१४) डॉ० जे० बी० चौधरी द्वारा सम्पादित, प्राच्यवाणी कलकत्ता से १९५१ ई० में प्रकाशित, विभिन्न पाठों एवं भरतमल्लिक की टीका के साथ अंग्रेजी अनुवाद।

(१५) पण्डितपत्रिका बनारस से १८६७ ई० में प्रकाशित गद्यात्मक अंग्रेजी अनुवाद।

(१६) एम० आर० काले द्वारा बम्बई से प्रकाशित आलोचनात्मक अंग्रेजी-अनुवाद।

(१७) पृथिवी प्रकाशन असी, वाराणसी से प्रकाशित अंग्रेजी पद्यानुवाद—क्लाउड मेसेंजर।

(ख) (लैटिन संस्करण)—

(१) एच० बी० कोनिग द्वारा बोन से १८४१ ई० में प्रकाशित—(Kalidasa's Mighaduta et Shringartilaka (Text with notes and glossory in Latin.)

(ग) जर्मनभाषा संस्करण—

(१) जर्मन भाषा में मेघदूत का प्रथम संस्करण जौन गिल्डेमिस्टर ने बोन से १८४१ ई० में प्रकाशित कराया था[1]। गिल्डेमिस्टर का यह संस्करण एच. एच. विलसन से प्राप्त मेघदूत के तीन हस्तलिखित ग्रन्थों (देवनागरी लिपि में लिखित एक तथा बंगला लिपि में लिखित दो) के साथ प्रकाशित है। इसमें शृङ्गारतिलक के २३ पद्य भी सम्मिलित हैं। इस संस्करण में मेघदूत के नवीन शब्दों का लैटिनभाषा में अनुवाद भी किया गया है।

(२) मेघदूत का दूसरा जर्मन संस्करण जौन हेबर्लिन[2] ने अपने काव्यसंग्रह में केवल मूल ग्रन्थ को ही विलसन के ग्रन्थ के आधार पर संगृहीत कर डब्ल्यू थैक्कर एण्ड कम्पनी, कलकत्ता[3] से १८४७ ई० प्रकाशित कराया था। जौनहेबर्लिन के संस्करण के आधार पर ही दीनानाथन्यायरत्न ने अपने काव्यसंग्रह में मेघदूत का संस्करण काव्यप्रेस कलकत्ता से १८६९

1. J. Gildemiester—Kalidasa Meghaduta et Shringar tilaka. ex rceensione.
2. John Haeberlin.
3. W. Thacker and Co. Calcutta.

ई० में, और जीवानन्दविद्यासागर ने अपने काव्यसंग्रह में नूतन भारत-प्रेस, कलकत्ता से मेघदूत का संस्करण प्रकाशित कराया है।

(३) मेघदूत का तीसरा जर्मन संस्करण प्रो० मेक्समूलर ने कोनिंगसबर्ग[1] से १८४७ ई० में प्रकाशित कराया था[2]।

(४) मेघदूत का चौथा जर्मन संस्करण सी० स्कुत्स[3] ने 'कालिदासाज वोल्केन बोट[4] के नाम से बेलफील्ड[5] से १८५९ में प्रकाशित किया था।

यह प्रथम जर्मन गद्यानुवाद है। यह संस्करण विल्सन के संस्करण पर आवृत है।

(५) मेघदूत का पाँचवाँ जर्मन संस्करण एडोल्फ फ्रेडरिक स्तेन्सलर[6] ने ब्रेस्ला[7] से १८७४ ई० में प्रकाशित कराया था। इस संस्करण में स्तेन्सलर ने गिल्डेमिस्टर से प्राप्त उपर्युक्त तीनों ग्रन्थों के साथ एक और बंगला लिपि में लिखे हुए हस्तलिखित ग्रन्थ का उपयोग किया है जो उन्हें बर्लिन से प्राप्त था[8]।

(६) मेघदूत का छठा जर्मन संस्करण लुडविग फ्रिज[9] ने केमनिज[10] से १८७९ ई० में प्रकाशित कराया था।

(७) मेघदूत का सातवाँ जर्मन संस्करण डिन, बर्लिन से प्रकाशित है—
Zur Text kritik von Kalidasa Meghaduta—Din, Berlin.

(८) मेघदूत का आठवाँ जर्मन संस्करण हरमन बेख ने बर्लिन से १९०७ ई० में सम्पादित किया था—(Ein Beitrag zur text kritik von Kalidasas Meghaduta (Diss)—Herman Beckh, Berlin 1907)

---

1. Koningsberg.
2. मैक्समूलर के संस्करण का नाम है—Meghaduta oder der Walken bote.
3. C. Schutz.
4. Kalidasa's Wolken bote.
5. Beilefield.
6. A. F. Stenzler.
7. Breslau.
8. Berlin, Chambers 152.
9. Ludwing Fritz—Meghduta, das its, der wolken bote.
10. Chemnitz.

(९) मेघदूत का नौवाँ जर्मन संस्करण श्री बेख ने बर्लिन से १९०७ में तिब्बती संस्करण के साथ सम्पादित किया था—(Die tibetische Ubersetrung von Kalidasas Meghaduta)

(ग) फ्रेंचभाषासंस्करण—

(१) मेघदूत का प्रथम फ्रेंचभाषा-संस्करण हिपोफोचे ने सम्पादित किया था जो पेरिस से १८५९-ई० मे प्रकाशित हुआ था[1]। इसका पुनः प्रकाशन पेरिस से ही १९६५ ई० में हुआ[2]।

(२) मेघदूत का द्वितीय फ्रेंच संस्करण कर्नल हेनरी ऐम औव्री ने विलियम एण्ड नौर्गेट, लन्दन से १८६९ ई० में प्रकाशित कराया था[3]।

(३) मेघदूत का तृतीय फ्रेंच संस्करण ए. गुरीनो ने पेरिस से १९०२ ई० में प्रकाशित किया था[4]।

(४) मेघदूत का एक फ्रेंच संस्करण पेरिस से १९६६ ई० में प्रकाशित हुआ था—(Le Nuager Messager Poeme, Tradnit du Sanskrit apned's I, explication de P. E. Faucauz).

(घ) इतालियन भाषा-संस्करण—

(१) इतालियन भाषा में मेघदूत का अनुवाद एफ. ए. पुल्ले ने फिरेंज से १८९७ ई० में प्रकाशित कराया था[5]।

(२) मेघदूत का एक दूसरा इतालियन संस्करण फिरेंज से ही १८९७ ई० में प्रकाशित हुआ था—(Meghaduta o la nube messaggera. Tradotto. da Giovanni Flechia.—C. Carnesecchic Fizli, Firenze 1897)

(ङ) रुसी भाषा-संस्करण—

(१) रुसी (उक्रैनियन) भाषा में मेघदूत का गद्यानुवाद 'ओल्वाको वेस्तनिक' अथवा 'मेघदूत और दि क्लाउड मेसेन्जर' के नाम से प्रो. पाल रित्तेर ने

---

1. Hippolyte Fauche—Librairie de A. Durand, Paris.
2. Librairie Internationale.
3. Colonel Henry Aim ouvery—Le Meghduta on le Nuage Messenger. William Norgate London.
4. A. Guerinot—Meghduta Le Nuage Messanger.
5. F. A. Pulle, Firenze.

'उक्रैनियन् सोसायटी ऑफ ओरियन्टल रिसर्च खारकोव[1]' से १९२८ ई० में प्रकाशित कराया था।

इस संस्करण में मेघदूत पर रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा बंगला भाषा में लिखित निबन्ध भी समाविष्ट है। इस अनुवाद के सम्पादन में प्रो. रित्तेर ने श्रीगोडन्लेन तथा परब द्वारा सम्पादित मल्लिनाथीटीकासहित मेघदूत का, गिल्डेमिस्टर के संस्करण का, तिब्बती भाषानुवाद का तथा भारत और युरोप में प्रकाशित अन्य संस्करणों का भी उपयोग किया है। इस अनुवाद के आरम्भ में प्रो. रित्तेर ने रुसी पाठकों की सुविधा के लिए मन्दाक्रान्ता छन्द के रुसी रूपान्तर की संगीतलिपि का भी प्रयोग किया है। प्रो. रित्तेर ने मेघदूत को 'रालेजिचेश्की इ स्त्रान्तनी मोनोलॉग' (करुणापूर्ण सन्तप्त हृदय का स्वगतोद्‌गार) कहा है।

(च) चीनीभाषा संस्करण—

(१) चीनी भाषा में मेघदूत का संस्करण पेकिंग से १९५६ ई० मे प्रकाशित हुआ है; जिसका समर्थन इस समय 'सिनिआन्यूज' नामक एक समाचार समिति ने किया है।

(छ) जापानी भाषा-संस्करण—

(१) जापानी भाषा में मेघदूत का अनुवाद क्योतो विश्वविद्यालय, जापान के संस्कृत प्राध्यापक एच. वयुमुरा (हिन्दी भाषा में हृदय कुमार नाम से विख्यात) ने किया है।

(ज) तिब्वती भाषा-संस्करण—

(१) तिब्वती भाषा में मेघदूत का संस्करण तंजोर में प्राप्त हुआ है। इस संस्करण का जर्मनभाषानुवाद डॉ० एच० वेख (हरमनबेख) ने १९०७ ई० में बर्लिन से प्रकाशित किया है। इस तिब्बती संस्करण पर डॉ० बेख ने शोधकार्य किया है। उनका शोधग्रन्थ[2] बर्लिन विश्वविद्यालय से १९०७ ई० में प्रकाशित है। डॉ० बेख ने उस शोधग्रन्थ में तिब्बती संस्करण का समय तेरहवीं शताब्दी लिखा है।

---

1. Prof. Paul Ritter—Ukrainian Society of oriental Research, Kharkov.
2. Die tibetische Uberstrung von Kalidasas Meghduta. Nach dem roten und schwarzen Tanjur herausgegeben und ins Deutsche Ubertrgen von (in tibetan script).

(झ) नेपालीभाषा-संस्करण—

(१) नेपाली भाषा में मेघदूत का पद्यानुवाद 'मेघदूतच्छाया' के नाम से प्रकाशित है। इसके प्रकाशक श्रीचक्रपाणि शर्मा हैं। प्रो० मैकडोनेल ने भी अपने प्रतिवेदन में नेपालीभाषा में लिखित मेघदूत की एक प्रति का उल्लेख किया है। इसका रचनाकाल १३६४ ई० है। यह प्रति नेपाल के महाराजपुस्तकालय में प्राप्य है।

(ञ) स्वेडिश-भाषा-संस्करण —

(१) एच. एज्रीन ने मेघदूत का स्वेडिशभाषानुवाद मालमो, गेटवर्ग से १८७५ ई० में सम्पादित किया था—(Malubudet Meghaduta) Etl indiskt skuldestycke (मेघदूत भारतीय कविता-अनुवाद और टिप्पणी in Swedish). Malmo, Gate barg, 1875.)

(ट) डेनिशभाषा-संस्करण—

(१) पी. मरकुसेन ने मेघदूत का डेनिश संस्करण १८८२ ई० में सम्पादित किया था। (O sky budet en indisk Elegi Metrisk over sat. P. Markussen—Kjeben huun, 1882).

(ठ) जेचभाषा-संस्करण—

(१) प्रो. जोसेफ जुबैती तथा जोरोमिर बोरेस्की ने मेघदूत का जेचभाषा अनुवाद प्रकाशित किया था।

(ञ) सिंहलीभाषासंस्करण—

(१) सिंहली भाषा में मेघदूत का एक अनुवाद कानड़ीनिवासी श्रीगुणतिलक को मिला है और वह मूलपाठ के साथ टी. बी. पानबोके तथा जी. जे. ए. स्कीन द्वारा कोलम्बो से १८९३ ई० में प्रकाशित हुआ है। यह सिंहलीभाषानुवाद[1] मेघदूत का भावानुवाद[2] है।

विशेष :—आचार्यललिताप्रसाद शुक्ल द्वारा १९५८ ई० में सम्पादित मेघदूत की भूमिका से ज्ञात होता है कि डेनिश, फ्रेञ्च, इटालियन, स्वेडिश,

---

1. A Sanskrit poem by Kalidasa.
2. Paraphrase.

पोलिश, हंगेरियन, ईरानी आदि विदेशी भाषाओं में मेघदूत के बहुत-से अनुवाद किए गए हैं।

(ङ) भारतीय (संस्कृतेतर) भाषा-संस्करण—
(तेलगुभाषा-संस्करण)—

(१) तेलगु भाषा में मेघदूत के संस्करण (१९०८ ई०) का उल्लेख डॉ० हुल्त्स ने किया है।

(२) मेघदूत का एक तेलगुभाषा-संस्करण विवेकादर्श प्रेस, मद्रास से १८७६ ई० में प्रकाशित है।

(३) मेघदूत का एक दूसरा तेलगुभाषा-संस्करण विबुधमनोहारिणी प्रेस, मद्रास से १८७६ ई० में प्रकाशित है।

(४) मेघदूत का एक तीसरा तेलगुसंस्करण आदिसरस्वतीनिलय प्रेस, मद्रास से १८७७ ई० में प्रकाशित है।

(५) दामेरा राजगोपालराव ने १९५२ ई० में मेघसन्देश का तेलगु काव्यानुवाद प्रकाशित किया था।

(तमिलसंस्करण)—

(१) श्री के. सन्थनम (भूतपूर्व राज्यपाल, विन्ध्य प्रदेश) मेघदूत का तमिल अनुवाद १९५८ ई० में प्रकाशित कराया था।

(२) मेघदूत का तमिल पद्यानुवाद।

(कन्नड़भाषा-संस्करण)—

(१) कन्नड़ भाषा में मेघदूत का संस्करण श्रीकोलारदनारायणशास्त्रिगल ने विचारदर्पण प्रेस बेंगलोर से १८७६ ई० में प्रकाशित किया है।

(२) सुब्रह्मण्यशास्त्री ने मेघसन्देश का एक कन्नड़ अनुवाद शिमोगा कर्नाटक संघ से १९३१ ई० में प्रकाशित कराया था।

(३) मेघसन्देश का एक दूसरा कन्नड़ अनुवाद एस. बी. परमेश्वरभट्ट ने शारदा मन्दिर मैसूर से १९५० ई० में प्रकाशित कराया था।

(मलयालम संस्करण)—

(१) मेघदूत का मलयालम अनुवाद ए. आर. राजराजा वर्मा ने कमलालय बुकडिपो त्रिवेन्द्रम से १९५० ई० में सम्पादित किया था।

(२) मेघसन्देश का दूसरा मलयालम अनुवाद कुट्टीकृष्णमरार ने कोझीकोडे, मद्रभूमि से १९५३ ई० में प्रकाशित किया था।

(बंगलाभाषा-संस्करण)—

(१) बंगलाभाषा में मेघदूत का प्रथम संस्करण सनातनगोस्वामी (श्रीचैतन्य के शिष्य) द्वारा (पन्द्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में) लिखित तात्पर्य-दीपिका टीका के साथ और शाश्वत (१३३० ई०) द्वारा लिखित कविप्रिया टीका के साथ जैनेन्द्रविमल चौधुरी ने १९५१ ई० में कलकत्ता से प्रकाशित किया है।

(२) मेघदूत का दूसरा बंगला-संस्करण भरतमल्लिक[1] द्वारा लिखित सुबोधा टीका के साथ जैनेन्द्रविमल चौधुरी ने प्राच्यवाणीमन्दिर सीरीज कलकत्ता से १९५१ ई० में प्रकाशित किया है।

भरतमल्लिक ने कालिदास की अन्य रचनाओं पर भी टीकाएँ लिखी हैं।

(३) मेघदूत का तीसरा वङ्गीय संस्करण कविरत्नचक्रवर्ती की अर्थबोधिनी टीका के साथ कलकत्ता से १८५० ई० में प्रकाशित है।

(४) श्रीप्राणनाथपण्डित (सम्भवतः कश्मीरी ब्राह्मण) ने मेघदूत का बंगला भाषा में पद्यात्मक अनुवाद किया है। यह संस्करण मल्लिनाथी टीका के साथ वाल्मीकि प्रेस से १९७१ ई० में प्रकाशित है। इस संस्करण में घटकर्परकाव्य भी संलग्न है।

विशेष :—लालमोहनभट्टाचार्य ने निम्नलिखित वङ्गीय संस्करणों का निर्देश किया है—

(१) नव्या (अथवा सुबोधा) टीका के साथ भरत द्वारा सम्पादित।
(२) मालती (अथवा सुगमा) टीका के साथ कल्याणमल्ल द्वारा सम्पादित।
(३) संगता टीका के साथ हरगोविन्द द्वारा सम्पादित।
(४) सौदामिनी टीका के साथ मकरन्द मिश्र द्वारा सम्पादित।
(५) मुक्तावली टीका के साथ रामनाथ तर्कालंकार द्वारा सम्पादित।
(६) दीपिका टीका के साथ सनातन द्वारा सम्पादित।

---

१. श्रीविमलचौधुरी के मतानुसार भरतमल्लिक का समय १६७५ ई० है। एस. के. दे तथा राजेन्द्रमित्र (Notices VI, P. 45) के अनुसार भरतमल्लिक का समय १८वीं शताब्दी है।

(७) चिन्तामणि टीका के साथ चिन्तामणि द्वारा सम्पादित ।
(८) दीप टीका के साथ वाचस्पति द्वारा सम्पादित ।
(९) कौमुदी टीका के साथ तीर्थकीर्ति द्वारा सम्पादित ।
(१०) ज्योत्स्ना टीका के साथ हरिदास द्वारा सम्पादित ।
(११) मुकुर टीका के साथ कृष्णदास द्वारा सम्पादित ।
(१२) रसदीपिका टीका के साथ गदाधर द्वारा सम्पादित ।
(१३) माधुरी टीका के साथ राधामाधव द्वारा सम्पादित ।

ये संस्करण 'इन्डिया आफिस[1]' तथा 'एसियाटिक सोसायटी आफ बेंगाल' में प्राप्य हैं ।

आफ्रेच की संस्कृतग्रन्थसूची[2], विल्सन द्वारा सम्पादित मेघदूत-द्वितीय संस्करण की भूमिका[3], कोलब्रूक तथा जे. एगलिंग की हस्तलिखित संस्कृतग्रन्थसूची[4], इन्डिया आफिस लायब्रेरी, तथा लालमोहन भट्टाचार्य द्वारा सम्पादित मेघदूत-द्वितीय संस्करण (संस्कृत प्रेस डिपाजिटरी ३० कार्नवालिस स्ट्रीट, कलकत्ता से १९४४ ई० में प्रकाशित) की भूमिका से मेघदूत के प्राचीन वङ्गीय संस्करणों का परिचय प्राप्त होता है ।

मेघदूत के अर्वाचीन वङ्गीय संस्करण विशेष उल्लेख्य हैं—

(१) यामिनीकान्त साहित्याचार्य द्वारा अनूदित, प्रवासी प्रेस कलकत्ता से प्रकाशित।

(२) कलकत्ता निवासी जे. के. शर्मा द्वारा अनूदित ।

(३) शारदारञ्जन-कुमुदरञ्जन द्वारा सम्पादित, कलकत्ता से १९२८ ई० में प्रकाशित ।

(४) रघुनाथसुकुल द्वारा सम्पादित, बनर्जी प्रेस कलकत्ता से १८७९ ई० में प्रकाशित ।

(५) राजकृष्ण मुखर्जी द्वारा सम्पादित, संस्कृत प्रेस डिपाजिटरी कलकत्ता से १८८२ ई० में प्रकाशित ।

---

1. India office Library, M. S. No. 3774/1584.
2. Aufretch—Catalogus Codicum Sanscriti Corum, Bodieance, Oxford 1864 No. 218.
8. London 1843.
4. Colebrooke and J. Eggeling—Catalogue of Sanskrit manuscripts, VII, London, 1904, P, 1442.

(६) सतीशचन्द्र राय द्वारा कलकत्ता से १९०६ ई० में सम्पादित।
(७) सतीशचन्द्र सेन द्वारा गोपालपुर से १९१३ ई० में सम्पादित।
(८) सत्येन्द्र नाथ ठाकुर द्वारा विक्टोरिया प्रेस कलकत्ता से प्रकाशित।
(९) वरदाचरण मित्र द्वारा कलकत्ता से १८९३ ई० में सम्पादित।
(१०) महेशचन्द्र भट्टाचार्य द्वारा छात्रपुस्तकालय कलकत्ता से १९३८ ई० में प्रकाशित।
(११) द्विजेन्द्र लाल ठाकुर द्वारा सम्पादित।
(१२) प्यारीमोहन सेनगुप्त द्वारा सम्पादित।

मेघदूत के इन वंगला–अनुवाद संस्करणों के अतिरिक्त निम्नलिखित वंगला पद्यानुवाद संस्करण भी उल्लेखनीय हैं —

(१) जगदीश्वर गुप्त द्वारा कलकत्ता से १८८५ ई० में सम्पादित।
(२) किशोरीमोहन सेनगुप्त द्वारा कलकत्ता, बसक प्रेस से १९०३ ई० में सम्पादित।
(३) क्षितीश नाथ घोष द्वारा कलकत्ता से १९५२ ई० में प्रकाशित।
(४) नरेन्द्र देव द्वारा कलकत्ता से १९४३ ई० में सुन्दर रंगीन चित्रों के साथ सम्पादित।
(५) नितांईचन्द्र शील द्वारा चिनसुरा से १९१० ई० में सम्पादित और
(६) प्राणनाथ पण्डित द्वारा कलकत्ता से १८७२ ई० में सम्पादित।

(हिन्दी भाषा-संस्करण)—

(१) राजालक्ष्मण सिंह[1] तथा
(२) राय देवीप्रसाद पूर्ण ने मेघदूत का व्रजभाषा में पद्यात्मक अनुवाद किया है। श्री पूर्ण का पद्यात्मक अनुवाद (१९०२ ई०) 'धाराधरधावन के' नाम से प्रसिद्ध है।
(३) श्री लक्ष्मीधर बाजपेयी तथा
(४) सेठ कन्हैयालाल पोद्दार[2] ने मेघदूत का खड़ीबोली में समश्लोकी अनुवाद किया है।

---

१. राजालक्ष्मण सिंह का पूर्वमेघ १८८२ ई० में, सम्पूर्ण मेघ १८८४ ई० में और तृतीय संस्करण १८९३ ई० में प्रकाशित है।
२. मेघदूत-विमर्श।

(५) श्री दुर्गाप्रसाद अग्रवाल तथा
(६) आचार्य केशव मिश्र[1] (भूतपूर्व अध्यक्ष हिन्दी-विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) ने भी मेघदूत का समश्लोकी अनुवाद किया है।
(७) मेघदूत का आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी कृत हिन्दी अनुवाद १९१६ ई० में प्रकाशित है।
(८) नागार्जुन द्वारा राजप्रकाशन, पटना से १९५५ ई० में प्रकाशित मेघदूत, हिन्दी अनुवाद।
(९) सत्यकाम विद्यालंकार द्वारा राजपाल ऐण्ड सन्स, दिल्ली से १९५६ ई० में प्रकाशित मेघसन्देश, हिन्दी-अनुवाद।
(१०) संसारचन्द्र व मोहनदेवन्त द्वारा सम्पादित मेघदूत-विस्तृत-हिन्दी-व्याख्या।
(११) डा. लक्ष्मण प्रसाद चौरसिया द्वारा अशोक प्रकाशन, प्रयाग से १९५९ ई० में प्रकाशित मेघदूत-पद्यानुवाद।
(१२) पं. ललित प्रसाद सुकुल (अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय) द्वारा वङ्गीय हिन्दी परिषद्, १५ बङ्किम चटर्जी रोड, कलकत्ता-१२ से अनेक समीक्षात्मक निबन्धों तथा राजालक्ष्मण सिंह एवं राय देवीप्रसाद पूर्ण के पद्यानुवादों के साथ सम्पादित।
(१३) बाबू श्यामसुन्दर दास द्वारा काशी से सम्पादित मेघदूत, हिन्दी-अनुवाद।
(१४) लाला सीताराम द्वारा सम्पादित, रामनारायण लाल इलाहाबाद से प्रकाशित हिन्दी-अनुवाद।
(१५) केदारनाथ शर्मा द्वारा सम्पादित, चौखम्बा संस्कृत पुस्तक-भवन, वाराणसी से प्रकाशित मेघ-सौमिनी (हिन्दी-अनुवाद)।
(१६) डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल द्वारा सम्पादित, राजकमल प्रकाशन, बम्बई से वि. सं. २०१० में प्रकाशित 'मेघदूत-एक अध्ययन' नामक ग्रन्थ के अन्त में मुद्रित हिन्दी अनुवाद।
(१७) श्रीरञ्जन सूरिदेव द्वारा सम्पादित तथा नागरी प्रकाशन, प्रा. लिमिटेड, पटना ४, से प्रकाशित 'मेघदूत—एक अनुचिन्तन' नामक गन्थ में विस्तृत भूमिका आदि के साथ मुद्रित हिन्दी-व्याख्या।

(मराठीसंस्करण)—

(१) मेघदूत का संक्षिप्त मराठी अनुवाद श्रीराम गोसेवी ने बोरा एण्ड कम्पनी लिमिटेड बम्बई से १९५६ ई० में सम्पादित किया था।

---

१. भारतकला-भवन, काशी से सं० १९९२ ई० में प्रकाशित।

(२) मेघदूत का दूसरा मराठी अनुवाद सी. डी. देशमुख ने जनराज प्रकाशन पूना मे १९५२ ई० में प्रकाशित कराया था।

(३) गणेश निल्कनाथ कात्रे ने कोल्हापुर से १९५५ ई० में मेघदूत का मराठी अनुवाद संस्कृत के छन्दों में ही सम्पादित किया था।

(४) कुसुमराज ने पोपुलर बुकडिपो बम्बई से १९५५ ई० में मेघदूत का मराठी काव्यानुवाद प्रकाशित कराया था।

(उड़ियाभाषा-संस्करण)—

(१) मेघदूत का उड़िया अनुवाद राधामोहन गदानायक ने उत्कल बुक एजेन्सी, कलकत्ता से १९५३ ई० में प्रकाशित कराया था।

विशेष :—उपर्युक्त हिन्दी-संस्करणों के अतिरिक्त श्रीजयकिशोर नारायणसिंह, श्री दिवाकर, श्री प्रभुनाथ द्विवेदी, श्री सुधाकर मिश्र तथा डॉ. रांगेय-राघव (सचित्र अनुवाद) द्वारा सम्पादित हिन्दीभाषानुवाद-संस्करण उल्लेखनीय हैं। इस प्रसंग में आचार्य बदरीदत्त शास्त्री द्वारा सम्पादित (ज्ञानदाप्रकाशन पटना से १९७५ ई० में प्रकाशित) तथा रक्षपाल-राकेश द्वारा सम्पादित हिन्दी पद्यानुवाद भी उल्लेखनीय हैं।

(मगहीभाषा-संस्करण)—

(१) विक्रम (पटना) निवासी श्री पुण्डरीक ने मेघदूत का मगही भाषा में अनुवाद किया है।

(मैथिलीभाषा-संस्करण)—

(१) श्री जगद्धर (चौदहवीं शताब्दी के पश्चात्) मैथिली लिपि में मेघदूत पर रसदीपिका टीका लिखी है।

(२) श्री दिवाकर उपाध्याय (१३८५ ई० से पूर्व) ने मैथिली लिपि में मेघदूत पर द्योतिका टीका लिखी है[1]।

(३) दत्त (दरभंगा) ने मेघदूत का मैथिली अनुवाद किया है।

(भोजपुरीभाषा-संस्करण)—

(१) इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र मिश्र ने मेघदूत का भोजपुरी भाषा में पद्यात्मक अनुवाद किया है।

1. Mithila 3580, Mithla 11 P, 114, India office Library No. 3780/1516 a.

(मेघदूत के संस्कृत-संस्करण)

निम्नलिखित स्रोतों से मेघदूत के (संस्कृत-व्याख्या-सहित) संस्करणों का विवरण प्राप्त होता है—

आफ्रेच की संस्कृतग्रन्थसूची, विल्सन द्वारा सम्पादित मेघदूत द्वितीय संस्करण की भूमिका, कोलब्रूक तथा जे. एगलिंग की हस्तलिखित-संस्कृत-ग्रन्थ-सूची, तथा इण्डिया ऑफिस लायब्रेरी।

डॉ. ई. हुल्त्स ने मेघदूत के दस संस्करणों का उल्लेख किया है—वल्लभदेव संस्करण, मल्लिनाथ संस्करण, विद्युल्लता संस्करण, जिनसेन (पार्श्वाभ्युदय) संस्करण, नेमिदूत संस्करण, टी. बी. पानवोके द्वारा सम्पादित सिंहली संस्करण, तंजोर का तिब्बती संस्करण, विल्सन संस्करण, गिल्डेमिस्टर संस्करण और तेलगु संस्करण।

प्रो. काशीनाथ-बापू पाठक (के. बी. पाठक) ने मेघदूत के आठ संस्करणों का उल्लेख किया है। जिनसेन (पार्श्वाभ्युदय) संस्करण, मल्लिनाथ संस्करण, सरस्वतीतीर्थ संस्करण, सारोद्धारिणी संस्करण, महिमसिंहगणि संस्करण, सुमतिजय संस्करण, वल्लभ संस्करण, और विल्सन संस्करण। श्रीलालमोहन भट्टाचार्य द्वारा सम्पादित मेघदूत-द्वितीय संस्करण की भूमिका में मल्लिनाथी तथा अन्य टीकाओं से युक्त बंगला लिपि में लिखित तेरह संस्करणों का उल्लेख है[1]।

मेघदूत के संस्कृतटीका-संस्करणों का विवरण इस प्रकार है—

(क) वङ्गीयसंस्करण—

श्रीलालमोहन भट्टाचार्य द्वारा निर्दिष्ट तेरह टीकाओं के अतिरिक्त उल्लेखनीय टीकाएँ—

(१) मदनमोहन तर्कालंकार के द्वारा मल्लिनाथी टीका के साथ सम्पादित, संस्कृतप्रेस कलकत्ता से १८५० ई० में प्रकाशित।

(२) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर के द्वारा मल्लिनाथी टीका के साथ सम्पादित, सरस्वतीप्रेस कलकत्ता से १८६९ ई० में प्रकाशित।

---

१. यह 'वङ्गीय भाषा-संस्करण' में लिखा जा चुका है। श्रीलालमोहन भट्टाचार्य का प्रथम संस्करण कलकत्ता से १९१५ ई० में प्रकाशित हुआ था।

(३) दीनानाथ न्यायरत्न द्वारा अपने काव्य संग्रह में काव्यप्रकाश प्रेस, कलकत्ता से १८६९ ई० में प्रकाशित।

(४) अजितनाथ भट्टाचार्य न्यायरत्न द्वारा मल्लिनाथी टीका के साथ सम्पादित, कलकत्ता से १८७० ई० में प्रकाशित।

(५) जीवानन्द विद्यासागर द्वारा अपने काव्यसंग्रह में नूतनभारत प्रेस, कलकत्ता से १८७२ ई० में प्रकाशित।

(६) कविरत्न चक्रवर्ती द्वारा कलकत्ता से १८५० ई० में सम्पादित वङ्गीय लिपि में वङ्गभाषा अनुवाद सहित मेघदूतार्थबोधिनी टीका।

(७) भरतमल्लिक कृत मेघदूत, सुबोधा टीका, डॉ० जितेन्द्र विमलचौधुरी द्वारा सम्पादित तथा प्राच्यवाणी मन्दिर, कलकत्ता से १९५१ ई० में प्रकाशित।

(८) सनातन गोस्वामी कृत मेघदूत तात्पर्यदीपिका टीका, डॉ० जितेन्द्र विमल-चौधुरी द्वारा प्राच्यवाणी मन्दिर, कलकत्ता से १९५३-५४ ई० (वाल्यूम १०, ११) में प्रकाशित।

(९) शाश्वत कृत मेघदूत-कविप्रिया।

(१०) कल्याणमल्ल कृत मेघदूत-मालती।

(११) कविचन्द्र कृत मेघदूत-मनोरमा।

(१२) कृष्णादास वागीश कृत-मेघदूत टीका।

(१३) मेघदूतकौमुदी—भरतमल्लिक द्वारा उद्धृत।

(ख) उत्कलीत संस्करण—

(१) 'ब्रह्मप्रकाशिका' टीका सहित उड़ीसा-साहित्य-अकादमी, भुवनेश्वर से प्रकाशित। इस संस्करण में मेघदूत के पद्यों का अर्थ ब्रह्मपरक किया गया है।

(ग) दक्षिणात्य संस्करण—

दक्षिणावर्त्तनाथ (१३वीं शताब्दी) द्वारा लिखित प्रदीप टीका के साथ त्रिवेन्द्रम संस्कृतसीरीज से म० म० टी० गणपति शास्त्री द्वारा १९१९ ई० में प्रकाशित।

(२) मल्लिनाथ (१४वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध) के द्वारा लिखित सञ्जीवनी टीका के साथ वाराणसी से १८४९ ई० में तथा उसके बाद अनेक बार प्रकाशित।

(३) पूर्णसरस्वती (१४वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध) के द्वारा लिखित विद्युल्लता टीका के साथ वाणी विलास प्रेस श्रीरङ्गम से १९०९ ई० में के० वी० कृष्णमाचारियर द्वारा प्रकाशित ।

(४) परमेश्वर (१४-१५वीं शताब्दी) द्वारा लिखित सुमनोरमणी टीका के साथ त्रावणकोर विश्वविद्यालय के द्वारा त्रिवेन्द्रम से १९४६ ई० में प्रकाशित ।

(५) वभिल्लरामस्वामी शास्त्री द्वारा मल्लिनाथ टीका के साथ सम्पादित, मद्रास से १८६३ ई० में प्रकाशित ।

विशेष :—दक्षिणात्य टीकाकारों ने 'मेघदूत' के स्थान में 'मेघसन्देश' यह नाम व्यवहृत किया है । दक्षिणभारत की अधिकांश हस्तलिखित प्रतियाँ मल्लिनाथ की टीका के साथ हैं ।

मल्लिनाथ की टीका 'सञ्जीवनी' के साथ सम्पादित निम्नलिखित संस्करण विशेष उल्लेख्य हैं—

(१) बनारस से १८४९ ई० में प्रकाशित ।
(२) बनारस से १८६७ ई० में प्रकाशित ।
(३) काशी संस्कृत प्रेस से १८७७ ई० में प्रकाशित ।
(४) मदनमोहन तर्कालंकार द्वारा संस्कृत प्रेस कलकत्ता से १८५० ई० में प्रकाशित ।
(५) वाग्विश्वमुद्रा प्रेस, कलकत्ता से १८५० ई० में प्रकाशित ।
(६) विवेकादर्श प्रेस, मद्रास से (तेलगु लिपि में) १८७९ ई० में प्रकाशित ।
(७) विबुध मनोहारिणी प्रेस, मद्रास से (तेलगु लिपि में) १८७६ ई० में प्रकाशित ।
(८) आदित्य-सरस्वती-निलय प्रेस मद्रास से (तेलगु लिपि में) १८७७ ई० में प्रकाशित ।
(९) कृष्णशास्त्री भातवदेकर द्वारा बम्बई से १८६६ ई० में सम्पादित ।
(१०) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर द्वारा संस्कृत प्रेस कलकत्ता से १८६६ ई० में विविध वङ्गीय पाठों के परिशिष्ट के साथ सम्पादित ।
(११) बविल्लराम स्वामी शास्त्री द्वारा मद्रास से १८६३ ई० में सम्पादित ।
(१२) हिन्दू भाषा सञ्जीवनी प्रेस, मद्रास से १८७० ई० में प्रकाशित ।
(१३) विद्याकल्पतरु प्रेस, पालघाट से १८८९ ई० में प्रकाशित ।

(१४) अजितनाथ भट्टाचार्य न्यायरत्न द्वारा कलकत्ता से १८७०ई० में सम्पादित।
(१५) प्राणनाथ पण्डित द्वारा बाल्मीकि प्रेस, कलकत्ता से १८७१ ई० में पद्यात्मक-वङ्गीय-अनुवाद के साथ सम्पादित।
(१६) कोलारद नारायण शास्त्रिगल द्वारा विचारदर्पण प्रेस, बंगलोर से १८७६ ई० में (कर्णाटक लिपि में) सम्पादित।
(१७) काशीनाथ पाण्डुरङ्ग द्वारा निर्णय सागर प्रेस, बंबई से १८७७ ई० (द्वि० सं० १८८३, तृ० सं० १८८७ ई०) में सम्पादित।
(१८) वी० एस० इस्लामपुरकर द्वारा बंबई से १८८९ ई० में (छे टीकाओं के उद्धृत अंशों के साथ) सम्पादित।
(१९) गोपाल रघुनाथ नन्दर्गीकर द्वारा अपने अंग्रेजी अनुवाद के साथ गोपालनारायण ऐण्ड कम्पनी, बंबई से १८९४ ई० में सम्पादित।
(२०) काशीनाथ बापूपाठक द्वारा कतिपय जैन टीकाओं के पाठान्तरों के साथ आर्यभूषण प्रेस, पूना से १८९४ ई० (द्वि० सं० १९१६ ई०) में सम्पादित।

(घ) जैनीय संस्करण—

श्रीगोपाल रघुनाथ नन्दर्गीकर ने मेघदूत के अपने अंग्रेजी अनुवाद (बम्बई से १८९४ ई० में प्रकाशित) में मेघदूत की २० प्रतियों का उल्लेख किया है। उनमें उन्होंने निम्नलिखित ६ जैनीय टीकाओं का भी निर्देश किया है—

(१) सारोद्धारिणी टीका १४२०-१५५१ ई० में लिखित[१]। (लेखक अज्ञात)
(२) मेघलता टीका। (लेखक अज्ञात)
(३) शिष्यहितैषिणी टीका, लक्ष्मीनिवास (१४५८ ई० से पूर्व) द्वारा सम्पादित।
(४) सुबोधिनी टीका, महिमसिंहगणि (सप्तम शताब्दी का उत्तरार्द्ध) कृत।
(५) सुमतिविजयकृत सुगमान्वया टीका, १६वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध।
(६) मेघराजमणि (साधु) कृत सुखबोधिका (सुबोधिका) टीका, १७वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध। पी० के० गोदे के अनुसार इस टीका का रचनाकाल सं० १४६० है।[२]

---

१. कलकत्ता-संस्कृत-साहित्य परिषत्पत्रिका, वर्ष १६, भाग ३, पृ० ८१-१४४ (१९३३-३४ ई०) में प्रकाशित।
2. P. K. Gode Poona Orientalist I No. 3, P. 50-51.

अन्य जैन-टीकाएँ—

(१) स्थिरदेव कृत बालप्रबोधिनी टीका। स्थिरदेव सम्भवत: सर्वप्राचीन जैन टीकाकार हैं[१]। यह टीका पी० जी० परानजपे ने पूना से १९३५ ई० में प्रकाशित की है।

(२) आपढ़कवि कृत मेघदूत टीका,[२] १३वीं शताब्दी, विवेकमञ्जरीवृत्ति में उल्लिखित, अप्राप्य।

(३) क्षेमहंस कृत दीपिका टीका, १६वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध।

(४) विनयचन्द्र कृत अवचूरि टीका, १६६४ ई०।

(५) सुमतिविजय कृत अवचूरि टीका, १७वीं शताब्दी।

(६) कनककीर्ति कृत अवचूरि टीका,[३] १७वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध।

(७) कथम्भूति कृत अवचूर्णी टीका, अथवा कथम्भूति टीका।

(८) महामहोपाध्याय समयसुन्दर द्वारा लिखित मेघदूत वृत्ति[४] १७वीं शताब्दी।

(९) विजय कृत सुखबोधिका टीका, सं० १७०९।

(१०) मोहजित कृत सुखबोधिका टीका।

(११) चरित्रवर्द्धन कृत चरित्रवर्द्धिनी टीका,[५] ११७२-१३८५ ई०।

(१२) जिनहंससूरि कृत मेघदूत टीका।

(१३) मेरुतुङ्गाचार्य कृत मेघदूत टीका, अहमदाबाद के पगलिया भाण्डार में प्राप्य।

(१४) कुमुदचन्द्र कृत मेघदूत टीका, अहमदाबाद के पगलिया भाण्डार में प्राप्य।

विशेष:—इन टीकाओं का उल्लेख इन्दौर से प्रकाशित होने वाली 'वीणा' मासिक पत्रिका के १९५९ ई० के जनवरी तथा फरवरी के अंकों में किया गया है।

(१५) महीमेरु कृत बालावबोधवृत्ति टीका[६]।

---

१. टीकाकार जनार्दन ने वल्लभदेव के साथ इनका उल्लेख किया है—
Peterson-Three Report, P. 324. पी० के० गोदे के अनुसार जनार्दन का समय ११९२ ई० से १३८५ ई० का मध्य है—P. K. Gode-Calcutta Oriental Journal, II P. 188.

२. टीकाकार जनार्दन ने इसका संकेत किया है। सम्भवत: ये आसह या असह हैं।

३. बीकानेर के श्रीपूज्यभाण्डार में प्राप्य।

४. ओरियन्टल कालेज लाहौर, विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोधसंस्थान, साधु आश्रम, होशियारपुर पंजाब में प्राप्य।

५. चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी में प्राप्य।

६. जैनग्रन्थावली ३३ पृ० ५

(१६) मतिविक्रम कृत मेघदूत टीका[1]।

विशेष :—ऊपर लिखी हुई प्राय: सभी जैन-टीकाएँ प्रकाशित हैं और उनकी हस्तलिखित प्रतियाँ भाण्डारकर प्राच्य शोधसंस्थान पूना[2] में प्राप्य हैं।

(ङ) कश्मीरी संस्करण—

(१) वल्लभदेव की पञ्जिका टीका, ई. हुल्त्स द्वारा अंग्रेजी टिप्पणी के साथ सम्पादित, रायल एसियाटिक सोसायटी, लन्दन[3] द्वारा १९११ ई० में प्रकाशित।

विशेष :—वल्लभदेव की पञ्जिका टीका मेघदूत की सर्वप्राचीन टीका है[4]। वल्लभदेव का समय, दुर्गाप्रसाद, काशीनाथ पाण्डुरङ्गपरब तथा हुल्त्स के मतानुसार दशम शताब्दी का उत्तरार्द्ध है। प्रो० के० बी० पाठक के अनुसार वल्लभदेव का समय ११९० ई० है। वल्लभदेव के बाद स्थिरदेव, तब चरित्रवर्द्धन, चरित्रवर्द्धन के बाद दक्षिणावर्त्तनाथ, तब विद्वज्जनानुरञ्जन टीकाकार सरस्वतीतीर्थ (सं० १२९२), और उनके बाद मल्लिनाथ, यही प्राचीन टीकाकारों का कलक्रम है। मल्लिनाथ का समय १४ वी शताब्दी का उत्तरार्द्ध है।

स्टेनकोनो द्वारा सम्पादित जम्मु-ग्रन्थसूची[5] में कश्मीरी हस्तलिखित ग्रन्थों का उल्लेख है। किन्तु स्टेन द्वारा संसूचित प्रतियों का पूर्णविवरण अस्पष्ट है। कश्मीर की अन्य कोई प्रति उपलब्ध नहीं है।

(च) महाराष्ट्रिय संस्करण—

(१) कृष्णशास्त्री भातवदेकर द्वारा मल्लिनाथी टीका के साथ सम्पादित, बम्बई से १८६६ ई० में प्रकाशित।

(२) काशीनाथ पाण्डुरंग परब द्वारा मल्लिनाथी टीका के साथ सम्पादित, निर्णयसागर प्रेस बम्बई से १८७७, १८८३, १८८७ ई० में प्रकाशित।

(३) बी० एस० इस्लामपुरक[6]र द्वारा मल्लिनाथी टीका के साथ सम्पादित, बम्बई से १८८९ ई० में प्रकाशित।

---

१. जैनग्रन्थमाला, श्वेताम्बर कान्फरेंश प्रतिवेदन, पृ० ३३२।

2 B. O. R. I. Poona.

3. R. A. S. London.

४. आफ्रेच के 'कैटेलोगस कैटेलोगोरस' (हस्तलिखित संस्कृतग्रन्थ-सूची) प्रथम भाग, पृ० ५५५ के अनुसार वल्लभदेव मेघदूत के प्रथम टीकाकार हैं।

5. Sten's jammu cotalgue.

6. V. S. Islampurkar.

(४) प्रो० के० बी० पाठक द्वारा अंग्रेजी अनुवाद तथा मल्लिनाथी टीका के साथ सम्पादित, आर्यभूषण प्रेस पूना से १८९४ ई० में प्रकाशित।

(५) गोपाल रघुनाथ नन्दर्गीकर द्वारा अंग्रेजी अनुवाद एवं मल्लिनाथी टीका के साथ सम्पादित, गोपालनारायण ऐण्ड कम्पनी बम्बई से १८९४ ई० में प्रकाशित।

विशेष :—मेघदूत के कुछ अन्य भी प्राचीन टीकाकार हैं; जिनका परिचय डा० एस० के० द्वारा सम्पादित मेघदूत[1] की भूमिका से प्राप्त है। डा० दे ने निम्न-लिखित टीकाओं और टीकाकारों का निर्देश किया है—

(१) अन्वयबोधिनी टीका, (२) उद्योतकर (नागेशभट्ट) कृत मेघदूतटीका, (कल्याणमल्ल द्वारा उद्धृत) (३) कमलाकरभट्ट कृत शृङ्गाररसदीपिका टीका, (४) कल्पलता टीका (पीटर्सनद्वारा संसूचित[2]), (५) जनार्दनव्यास कृत मेघदूत टीका अथवा मेघदूतभाष्य, (६) ज्ञानेन्द्र कृत मेघदूत टीका, (७) तत्त्वदीप टीका (नवद्वीप ६९४), (८) दिनकरमिश्र कृत मेघदूत टीका, (९) मेघदूतद्योतिका (दिवाकर उपाध्याय), (१०) निरुक्तकार कृत मेघदूत टीका (मल्लिनाथ द्वारा संकेतित[3]), (११) बृहस्पतिमिश्र कृत मेघदूत टीका[4], (१२) भगीरथकवि कृत मेघदूत टीका, (१३) भगीरथमिश्र कृत तत्त्व-दीपिका टीका[5], (१४) मेघदूतस्थूलतात्पर्य[6], (१५) मोटाजितकवि कृत मेघदूतटीका[7], (१६) रसिकरञ्जनी (पथुरुक्ति, १९ वीं०), (१७) श्रीरामोपाध्याय कृत मेघदूत टीका, (१८) वत्सव्यास (श्रीवत्सव्यास) कृत शिशुहितैषिणी टीका[8], (१९) विश्वनाथ कृत दुर्बोधिपदभञ्जिका टीका (त्रावणकोर विश्वविद्यालय ६९६०), (२०) शार्वटीका (भरत-मल्लिकद्वारा श्लोक ८८ पर उद्धृत), (२१) श्रीकण्ठ तथा उनके शिष्य द्वारा लिखित

---

1. The Meghaduta of Kalidasa, Sahitya Akademi New Delhi, first ed. 1975.
2. Peterson—IV=28, B. O. R. I. 744 f 1886-92.
3. Oxford 126 a.
४. भरतमल्लिक द्वारा मेघदूत-श्लोक ७० पर उद्धृत।
5. Aufretch p. 3, No 76. (सम्भवतः भगीरथकवि और भगीरथमिश्र दोनों एक ही व्यक्ति हैं)।
6. India office No. 3774/1584.
7. B. O. R. I. 392 of 1884-87.
8. B. O. R, I. 748 of 1886-92.

मेघदूत टीका[1], (२२) सरस्वतीतीर्थ[2] (नरहरिसरस्वतीतीर्थ) कृत विद्वज्जनानुरञ्जनी टीका[3], (२३) हरिदास कृत मेघदूत टीका[4]।

इनके अतिरिक्त निम्नलिखित प्राचीन टीकाएँ उल्लेख्य हैं—

(१) चिन्तामणि कृत मेघदूत टीका, (२) जगद्धर कृत मेघदूतरसदीपिका, (३) मकरन्दमिश्र कृत मेघसौदामिनी, (४) रविकर कृत मेघदूत टीका,(५) मेघदूत-मेघलता, (६) रामनाथ तर्कालङ्कार या रामानन्द कृत मेघदूत-मुक्तावली,(७) विश्वनाथ मिश्र-कृत मेघदूतार्थ-मुक्तावली, (८) हरगोविन्द वाचस्पति कृत मेघदूतसङ्गता, मेघदूताभिधानटीका (कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स, बाम्बे युनिवर्सिटी लायब्रेरी)

आधुनिक संस्करण—

(१) नारायण शास्त्री खिस्ते द्वारा सम्पादित, वाराणसी से १९३१ ई० में प्रकाशित।

(२) मल्लिनाथ की सञ्जीवनी, चरित्रवर्द्धनाचार्य की चरित्रवर्द्धनी, पं० ब्रह्मशङ्कर शास्त्री की भावबोधिनी और केदारनाथ शर्मा की विद्योतिनी टीका के साथ प्रकाशित (चौ० सं० सी० वाराणसी से प्राप्य)।

(३) जगद्गुरु आचार्य श्रीचरणतीर्थ महाराज द्वारा सम्पादित कात्यायनी संस्कृत टीका तथा अंग्रेजी अनुवाद के साथ केवल पूर्वमेघ।

(४) श्री मेषराज शर्मा कृत व्याख्या-सहित।

(५) श्री वी० जी० परानजपे द्वारा सम्पादित, पूना से १९४१ ई० में प्रकाशित।

(६) श्री एम० आर० काले द्वारा सम्पादित, बम्बई से १९४७ ई० में प्रकाशित।

(७) श्री आर० डी० करमरकर द्वारा पूना से १९४७ ई० में प्रकाशित।

(८) प्रो० संसारचन्द मोहनदेवपन्त शास्त्री द्वारा अम्बाला छावनी से सम्पादित, वाराणसी से १९५१ ई० में प्रकाशित।

---

1. P. U. L. II P. 262, No. 4511.
२. सरस्वतीतीर्थ (सं० १२९८, १२४२ ई०) ने काशी में यह टीका लिखी थी। इन्होंने 'काव्यप्रकाश' पर बालचित्तानुरञ्जनी टीका लिखी है।
3. B. O. R. I. 442 of 1887-91, R. S. B. 4957/10414, Cambridge University Library, Aufretch I, P. 466 b.
4. Oudh XIV, 28

(९) डॉ० एस० के० दे द्वारा 'दि मेघदूत ऑफ कालिदास' इस नाम से सम्पादित तथा साहित्य अकादमी दिल्ली से १९५७ ई० में प्रकाशित।

विशेष :—मेघदूत के आधुनिक संस्करणों में पं अम्बिकादत्त शर्मा, श्रीपरमानन्द, पं० रामदहिन मिश्र, आचार्य ललिता प्रसाद सुकुल, प्रो० कस्तूरचन्द-कासलीवाल तथा श्रीरञ्जनसूरिदेव द्वारा सम्पादित मेघदूत विशेष उल्लेखनीय हैं। 'बङ्गीय हिन्दीसाहित्य-परिषद् कलकत्ता' द्वारा प्रकाशित आचार्य सुकुल के संस्करण में मूलपाठ के साथ राजा लक्ष्मण सिंह तथा राय देवीप्रसाद पूर्ण द्वारा लिखित व्रजभाषा अनुवाद भी सम्मिलित है। प्रो० कासीवाल द्वारा सम्पादित 'राजस्थान-जैनभाण्डार-सूची' में मेघदूत के दो हस्तलिखित प्रतियों (क्रमशः सं० १७६५ तथा सं० १८२२ में लिखित) का उल्लेख है। प्रो० कासीवाल द्वारा प्रकाशित 'प्रशस्तिसंग्रह' में मेघदूतावचूरि और मेघदूत टीका इन दो जैनटीकाओं का भी उल्लेख है। प्रो० कासीवाल द्वारा सम्पादित जयपुर की 'आमेरशास्त्रभाण्डारग्रन्थ सूची' में भी मेघदूत के एक टीका संस्करण का उल्लेख है, जिसके लेखक श्रीनिवास हैं। श्रीरञ्जन सूरिदेव द्वारा सम्पादित मेघदूत की व्याख्या[1] में मल्लिनाथ तथा वल्लभदेव की टीका भी सम्मिलित है। श्रीसूरि ने पद टिप्पणी में विभिन्न टीकाओं के पाठभेद भी उद्धृत किए हैं। उन्होंने प्रक्षिप्त श्लोकों का भावार्थ भी दिया है। मेघदूत की अत्यन्त आधुनिक व्याख्याओं में पं० जनार्दन पाण्डेय कृत मेघदूत संस्कृत टीका, सुधीर कुमार गुप्त कृत मेघदूत संस्कृत टीका तथा डॉ० वनेश्वर पाठक द्वारा सम्पादित विस्तृत भूमिका एवं समीक्षा से युक्त 'सुप्रभा[2]' व्याख्या भी उल्लेखनीय हैं।

मेघदूत का केवल मूलमात्र संस्करण, पं० रामचन्द्र मिश्रद्वारा सम्पादित तथा कामेश्वरसिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रकाशित, १९७६ ई०।

मेघदूत के पद्यों की संख्या—

मेघदूत की अतिशय लोकप्रियता के कारण उस पर बहुत-सी टीकाएँ लिखी गई हैं। फलतः उसके पद्यों की संख्या में बहुत अन्तर दीख पड़ता है। प्रा० हुल्त्स ने मेघदूत के पद्यों की संख्या के सम्बन्ध में एक विवरण प्रस्तुत किया है। प्रो० हुल्त्स वल्लभदेव की टीका के अनुसार मेघदूत के पद्यों की संख्या १११ मानते हैं। प्रो० के० बी० पाठक पार्श्वाभ्युदय के अनुसार मेघदूत की पद्यसंख्या १२१ मानते हैं। दक्षिणावर्त, मल्लिनाथ और पूर्णसरस्वती की टीकाओं के अनुसार पद्यों की संख्या

१. मेघदूत–एक अनुचिन्तन, नागरी प्रकाशन, प्राइवेट लिमिटेड, पटना–४
२. यह व्याख्या ज्योति, पटना से प्रकाशित।

क्रमशः ११०, ११७ (मूलश्लोक ११५+प्रक्षिप्त श्लोक २=११७) तथा ११० है। विल्सन के अनुसार पद्यों की संख्या ११६ हैं और मैकडोनल के अनुसार ११५ है। तिब्बती अनुवाद में पद्यसंख्या ११७ है और सिंहली अनुवाद में ११८ है।

'इण्डिया आफिस लायब्रेरी' में सुरक्षित प्रतियों की पद्यसंख्या इस प्रकार है– तीन देवनागरी प्रतियों की पद्यसंख्या १२१ से १२५ के बीच में है। वङ्गीय प्रति की पद्यसंख्या ११६ है। बौडलीन[1] पुस्तकालय में रखी हुई प्रतियों की पद्यसंख्या १२५ से १२६ के बीच में है। बर्लिन राज्य पुस्तकालय की देवनागरी प्रति की पद्यसंख्या १२७ है। वहाँ की एक देवनागरी प्रति की पद्यसंख्या (१९ प्रक्षिप्त श्लोकों के साथ) १२५ है।

ब्रिटिश संग्रहालय की देवनागरी प्रति (अवचूरिटीका) की पद्यसंख्या १२५ है। सम्भवतः यह बर्लिन वाली प्रति की प्रतिलिपि है।

गिल्डेमिस्टर की देवनागरी प्रति (पेरिस से प्राप्त) की पद्यसंख्या ११० है। किन्तु उनकी वङ्गीय प्रति (कोपेनहेगेन[2] से प्राप्त) की पद्यसंख्या ११७ है। लिपसिंग[3] विश्वविद्यालय की दोनों देवनागरी प्रतियों की पद्यसंख्या १२४ और १२७ है।

आफ्रेच द्वारा सूचित दो फ्लोरेन्टाइन हस्तलिखित प्रतियों की पद्यसंख्या १२५ है। दोनों की संख्याएँ समान हैं। मैकडोनेल द्वारा प्रतिवेदित नेपाली हस्तलिखित प्रति की पद्यसंख्या ११० है। तंजोर के सरस्वती महल पुस्तकालय की दो हस्तलिखित प्रतियों को पद्यसंख्या १२१ और १२२ है। मद्रास-राजकीय प्राच्य पुस्तकालय की हस्तलिखित प्रति (संख्या ११८६९) की पद्यसंख्या ११८ है। स्टेनकोनो द्वारा संसूचित कश्मीरी प्रतियों का विवरण अस्पष्ट है।

मेघदूत की हस्तलिखित प्रतियाँ—

पूर्व, पश्चिम तथा दक्षिण भारत के प्रायः सभी विख्यात पुस्तकालयों में मेघदूत की हस्तलिखित प्रतियाँ मिलती हैं विदेशों में लन्दन, पेरिस, बर्लिन, कोपेनहेगेन तथा अमेरिका[4] में भी मेघदूत की कुछ प्रतियाँ सुरक्षित हैं। इनकी संख्या

---

1. Bodlien.
2. Copenhagen.
3. Leipzing.
4. Indic Manuscript in the United States and Canada, as listed by Poleman (पोलमैन)

लगभग ४० है। प्रायः सभी प्रतियों में श्लोक-संख्या में कुछ-न-कुछ अन्तर है। दक्षिण भारत की प्रतियों का संग्रह[१] टी० फौक्स[२] ने किया है। इस संग्रह में दो प्रतियाँ तेलगु भाषा में और तीन प्रतियाँ कन्नड़ भाषा में लिखि हुई हैं। कलकत्ता संस्कृत कालेज-पुस्तकालय[३] में पाँच प्रतियाँ बंगला लिपि में हैं। 'एसियाटिक सोसायटी बेंगाल' में दो तथा 'भाण्डारकर प्राच्य शोध संस्थान, पूना' में नौ प्रतियाँ देवनागरी लिपि में हैं। इनमें कुछ तो अत्यन्त प्राचीन हैं। युरोपीय पुस्तकालयों में देवनागरी तथा बंगला दोनों लिपियों में लिखि हुई प्रतियाँ हैं। ए० ए० मैकडोनेल ने एक नेपाली हस्तलिखित प्रति का उल्लेख किया है[५]। यह प्रति नेपाल महाराज के पुस्तकालय में सुरक्षित है। इसका रचनाकाल १३६५ ई० है।

दक्षिण भारत की हस्तलिखित प्रतियाँ 'तंजोर सरस्वती महल पुस्तकालय' तथा 'मद्रास राजकीय प्राच्यपुस्तकालय' में सुरक्षित है[६]। दक्षिण भारत की अधिकांश

1. Kalidasa, a complete collection of Various readings of the Madras manuscript, Vol, 1, Madras 1904,
2. T. Foulks.
3. Calcutta Sanskrit College Library No. 119-23.

४. इण्डिया आफिस लायब्रेरी में तीन देवनागरी प्रतियाँ हैं तथा एक बंगला प्रति है। इन स्थानों में मेघदूत की हस्तलिखित प्रतियाँ मिलती हैं—
 (a) Bol diean Library M, Winternitz and A, B, Keith, Catalogue, Oxford 1906,
 (b) Berlin State Library Manuscripts (Chambers 152)
 (c) ई० स्तेंस्लर (E. Stenzler) द्वारा उपयुक्त तथा वेबर (A. Weber) द्वारा उल्लिखित the British museum Devanagari manuscripts (e. Bendall Catalogue of Sanskrit Manuscripts London 1902, P. 86)
 (d) Gildemister's Devanagari Manuscripts D. Paris, Florentine Manuscripts No. 73-74, में मेघदूत की दो हस्तलिखित प्रतियाँ हैं, यह आफ्रेच ने सूचित किया है।

5. J. R. A. S. 1913, P. 176-83.
6. The Tanjore Saraswati Mahal Library, Manuscripts (P. P. S. Shastri , Catalogue, VII P. 3871).
 Madras Government oriental Library Manuscripts (S. Kuppuswami, Catalogue, XX P. 17947).

प्रतियाँ मल्लिनाथी टीका के साथ हैं। कश्मीरी हस्तलिखित प्रतियों का उल्लेख स्तेनकोनो ने अपनी ग्रन्थसूची में किया है[1]।

मेघदूत के पद्यों का अन्य ग्रन्थों में उपयोग—

